30 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 72

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## संगठन चुनाव को लेकर नयी दिल्ली में भाजपा की बैठक

# फरवरी तक नया पार्टी अध्यक्ष मिलने की उम्मीद

- इससे पहले 50 फीसदी राज्यों में आंतरिक चुनाव जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक चुनाव को लेकर पार्टी मुख्यालय में रविवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक मंडल, जिला और प्रदेश पदाधिकारियों के चुनाव पर केंद्रित रही। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया की समीक्षा भी की गयी। भाजपा का लक्ष्य 15 जनवरी तक 50 फीसदी राज्यों में मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के पदों पर चुनाव पूरे कराने का है। भाजपा के संविधान के मुताबिक कम से कम आधे राज्यों में संगठनात्मक चुनाव हो जाने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, सभी महासचिव, सभी प्रदेश अध्यक्ष और सभी प्रदेश महासचिव के साथ ही संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया के प्रमुख और सह-प्रमुख मौजूद रहे।

**नड्डा का 2023 में खत्म हो चुका है कार्यकाल:** भाजपा के संविधान के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है। इस लिहाज से मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 में खत्म हो चुका है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाया गया था।

**युवाओं को दी जायेगी तवज्जो:** पार्टी मे इस बार युवाओं को तवज्जो दी जायेगी। पदों के लिए आयु सीमा तय की गयी है। पार्टी संगठन में युवाओं को महत्व देने के लिए आयु सीमा तय कर चुकी है। इसके लिए जिलों के भीतर बनाये जाने वाले मंडल अध्यक्ष की आयु 35 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गयी है। इसके अलावा दो बार मंडल अध्यक्ष रहने वालों को तीसरी बार मंडल अध्यक्ष का पद नहीं दिया जायेगा। वहीं, जिलाध्यक्ष की आयु 45 से 60 वर्ष के बीच होगी। जिलाध्यक्ष के लिए संगठन में 7 से 8 साल तक काम करने का अनुभव भी जरूरी किया गया है। पार्टी ने तय किया है कि मौजूदा समय में संगठन में किसी पद काम कर रहे व्यक्ति को ही जिलाध्यक्ष बनाया जायेगा।

**अटल जयंती को सुशासन वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय:** बैठक में अटल जयंती को 25 दिसंबर 2024 से 25 दिसंबर 2025 तक पूरे एक साल तक सुशासन के रूप में मनाने और संविधान पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा लद्दाख महासचिव पीटी कुंजांग ने कहा कि यह एक सफल बैठक थी। हमने संगठन की चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर चर्चा की। पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को पूरे एक साल तक मनाने का फैसला किया है, क्योंकि इस साल उन्होंने 100 साल पूरे किए हैं।



### झारखंड के चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी की घोषणा

प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा को चुनाव प्रभारी बनाया गया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। झारखंड में संगठन पर्व चल रहा है। संगठन पर्व के दौरान सदस्यता अभियान अभी चल रहा है। यह सदस्यता अभियान 13 जनवरी, 2025 तक चलेगा। संगठन का चुनाव भी होगा। चुनाव के लिए भाजपा की केंद्रीय इकाई में नियुक्त की है। संगठन चुनाव के लिए झारखंड में चार नियुक्ति की गयी है। प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा को चुनाव प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा गणेश मिश्रा, सुनीता सिंह और दुर्गा मरांडी को सह प्रभारी बनाया गया है। इन लोगों पर झारखंड में भाजपा के संगठन चुनाव को संपादित करने का दायित्व होगा। इस संदर्भ में भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण ने पत्र जारी किया है।**



## प्रधानमंत्री ने मन की बात में महाकुंभ जानेवालों से की अपील

# समाज से विभाजन और विद्वेष खत्म करने का संकल्प लेकर लौटें : मोदी

117 वां एपिसियोड में संविधान दिवस और महाकुंभ का जिक्र किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल के आखिरी रविवार को 117वीं बार मन की बात की। पीएम ने संविधान दिवस और महाकुंभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब हम कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें। उन्होंने वेब्स समिट, कालाहांडी की सब्जी क्रांति, बस्तर ओलिंपिक और कुरुक्षेत्र के मलेरिया रोकथाम के प्रयासों के बारे में भी बात की। ये इस साल 9वां और आखिरी एपिसोड था। लोकसभा चुनाव के कारण मार्च, अप्रैल और मई में एपिसोड टेलीकास्ट नहीं हुए थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस से एक साल तक चलने वाली कई एक्टिविटी शुरू हुई हैं। नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए वेबसाइट भी बनायी गयी है। इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने 13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ भी होने जा रहा है। इस समय वहां संगम तट पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं। पहली बार कुंभ आयोजन में एआइ चैटबॉट का प्रयोग होगा। इससे 11 भारतीय भाषाओं में कुंभ से जुड़ी हर तरह की जानकारी हासिल की जा सकेगी। इससे कोई भी टेक्स्ट टाइप करके या बोलकर किसी भी तरह की मदद मांग सकता है।




### 22 भाषाओं और 29 बोलियों में टेलीकास्ट

**प्रधानमंत्री की 'मन की बात' को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी ब्रॉडकॉस्ट किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। इसके 62 एपिसोड को भीली बोली में भी अनुवाद किया गया है। मन की बात की ब्रॉडकास्टिंग आकाशवाणी के 500 से अधिक ब्रॉडकास्टिंग सेंटर द्वारा किया जाता है। पहले एपिसोड की टाइम लिमिट 14 मिनट थी। जून 2015 में इसे बढ़ाकर 30 मिनट कर दिया गया था।**

# आचार्य किशोर कुणाल का निधन

राम मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य थे, अंतिम संस्कार आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** महावीर मंदिर न्यास के सचिव और अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापकों में से एक आचार्य किशोर कुणाल का रविवार सुबह निधन हो गया है। वो 74 साल के थे। रविवार की सुबह उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ। उसके बाद तुरंत महावीर वात्सल्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें बचाया नहीं जा सका। आचार्य किशोर कुणाल की अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 9 बजे आवास से शुरू होगी। उनके पार्थिव शरीर को महावीर मंदिर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जायेगा। इसके बाद हाजीपुर के कोनहारा घाट पर उनका अंतिम संस्कार होगा। बताते चलें कि जब देश में वीपी सिंह की सरकार थी तो उस वक्त आचार्य किशोर कुणाल को केंद्र सरकार ने विश्व हिंदू परिषद और बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के बीच मध्यस्थता के लिए विशेष अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया था। पूर्व आइपीएस किशोर कुणाल बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी के समधी भी थे। अशोक चौधरी की बेटी शांभवी की शादी किशोर कुणाल के बेटे सायण कुणाल से हुई है। आचार्य किशोर कुणाल बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पटना के चर्चित महावीर मन्दिर न्यास के सचिव भी थे।



## न्यूज रील्स

### हिमाचल में बर्फीला तूफान अटल टनल बंद

**नयी दिल्ली। बर्फबारी, ओलावृष्टि और बारिश से पूरा देश ठिठुर गया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों पर साल का सबसे भारी हिमपात हुआ। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर रविवार को 24 घंटे बाद फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हुआ। पिछले 24 घंटे में श्रीनगर में 8 इंच, गांदरबल में 7 इंच, सोनमर्ग में 8 इंच बर्फ गिरी। वहीं, पहलगाम में 18 इंच बर्फ गिरी। श्रीनगर-जम्मू हाइवे भी बंद है। उधर, हिमाचल प्रदेश में शनिवार रात बर्फीला तूफान चला। 24 घंटे में रोहतांग के नॉर्थ और साउथ पोल पर 3 फीट से ज्यादा बर्फ जम चुकी है। अटल टनल पर आवाजाही बंद कर दी गयी है।**

### साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश, 177 लोगों की मौत

**सियोल। साउथ कोरिया में मुआन एयरपोर्ट पर जेजू एयर का विमान क्रैश हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विमान में 175 पैसेंजर और 6 क्रू मेंबर समेत 181 लोग थे। खबर लिखे जाने तक 177 शव बरामद किये जा चुके थे। रेस्क्यू टीम ने दो लोगों को जिंदा बचाया। बचे हुए दो 2 यात्रियों के भी मारे जाने की आशंका जतायी जा रही है। हादसा भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 5:37 बजे हुआ। बैंकॉक से आ रहा प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था, लेकिन लैंडिंग गियर में खराबी की वजह से विमान के पहिए नहीं खुले। इमरजेंसी में विमान की बेली लैंडिंग करायी गयी। इसमें प्लेन की बॉडी सीधे रनवे से टकराती है। इस दौरान विमान रनवे पर फिसलता हुआ एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से जा टकराया। उसमें धमाके के साथ आग लग गयी।**

# रमेश सिंह से पीएलएफआइ के नाम पर रंगदारी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के भारतीय जनता पार्टी के नेता सह समाजसेवी रमेश सिंह को पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के नाम पर फोन करके संगठन की मदद करने की बात कही गयी है। इस संबंध में रमेश सिंह ने सुखदेवनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रमेश सिंह ने थाना में दिये आवेदन में कहा है कि शनिवार को उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को पीएलएफआइ संगठन से जुड़े होने की बात कही। साथ ही उसने कहा कि संगठन के कमांडर सहित सदस्यों की नजर उन पर है। संगठन को सहयोग करें। संगठन भी आपका सहयोग करेगा। साथ ही धमकी दी गयी कि यदि संगठन को सहयोग नहीं किया गया, तो फिर उनके खिलाफ संगठन कार्रवाई करेगा।

बताया गया है कि रमेश सिंह को जिस सिम कार्ड का प्रयोग कर फोन किया गया था, उसका लोकेशन बंगाल में मिला है। पीएलएफआइ के नाम पर फोन करने वाले व्यक्ति ने इस बार न इंटरनेट कॉल का प्रयोग किया और न ही व्हाट्सएप कॉल का, उसने सीधे मोबाइल नंबर से फोन करके संगठन को मदद करने की बात रमेश सिंह से की। इस बाबत सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने रविवार को बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। इस मामले में पुलिस टेक्निकल सेल की भी मदद ले रही है। भाजपा नेता को जिस नंबर से कॉल आया था, उसकी भी जानकारी एकत्र की जा रही है।



YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting
J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैमरून में फंसे प्रवासी मजदूर लौटे

झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों में से 11 श्रमिक आये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हो गयी। सभी श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया गया। बाकी बचे 36 श्रमिकों की वापसी भी सुनिश्चित की जा रही है।

मालूम हो कि सेंट्रल अफ्रीका के कैमरून के ट्रांसरेल लाइटिंग लि. में कार्यरत झारखंड के हजारीबाग, बोकारो एवं गिरिडीह जिला के 47 श्रमिकों के वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किये जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। मामले के सत्यापन के उपरांत श्रम सचिव मुकेश कुमार एवं कमिश्नर संजीव कुमार बेसरा के निदेशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों/नियोक्ताओं और बिचौलियों (मिडिलमैन) के खिलाफ एफआइआर भी दर्ज कराया और फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की गयी।




### श्रमिकों के पारिश्रमिक का हुआ भुगतान

**कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई-मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77,743 बकाया रुपये का भुगतान कराया गया है। इसके बाद 27 दिसंबर 2024 को 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों का पहला समूह कैमरून से भारत के लिए सुरक्षित वापसी हुई। झारखंड पहुंचने पर श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रमिकों का स्वागत बिरसा हवाई अड्डे पर किया।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
198000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91,000 रु./प्रति किलो |



# महाकुंभ 2025: निर्बाध और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा भक्तों की कर रही है प्रतीक्षा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी कर रही है कि प्रयागराज में महाकुंभ 2025 एक भव्य, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम हो। दुनिया भर से 40 करोड़ से अधिक भक्तों की मेजबानी करने की उम्मीद है, यह 45-दिवसीय उत्सव, 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपराओं को प्रदर्शित करेगा। निर्बाध और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा भक्तों की प्रतीक्षा कर रही है।



प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिनों के लिए महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। यहां एक साथ भारत आने के कई कारण हैं, जो भारतीय प्रवासियों को इस दौरान भारत आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पहले एनआरआइ दिवस, फिर महाकुंभ और उसके बाद गणतंत्र दिवस, ये एक प्रकार की त्रिवेणी है, भारत के विकास और विरासत से जुड़ने का बहुत बड़ा अवसर है।

– नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

| श्रेणी | विवरण/आंकड़े |
|---|---|
| अवधि | 45 दिन (13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक)। |
| अपेक्षित आगंतुक | 40 करोड़ से अधिक (400 मिलियन)। |
| सड़क अवसंरचना | 92 सड़कों का नवीनीकरण, 17 सड़कों का सौंदर्यीकरण। |
| पोंटून पुल | 3,308 पोंटूनों का उपयोग करके 30 पुलों का निर्माण; 28 तैयार कर लिये गये हैं। |
| साइनेज स्थापना | 800 बहुभाषी साइनेज की योजना बनायी गयी। 400 से अधिक इंस्टॉल हो चुके हैं। |
| विविध प्लेटें बिछायी गयी | मेला क्षेत्र में 2,69,000 प्लेटें बिछायी गयी हैं। |



| सुरक्षा उपाय | विवरण/आंकड़े |
|---|---|
| सीसीटीवी कैमरे | वास्तविक समय की निगरानी के लिए एआइ क्षमताओं वाले 2700 कैमरे लगाये गये। |
| चेहरे की पहचान तकनीक | बेहतर सुरक्षा के लिए प्रवेश बिंदुओं पर उपयोग होता है। |
| निगरानी के लिए ड्रोन | हवाई निगरानी के लिए तैनात किया गया है। |
| पानी के नीचे ड्रोन | चौबीसों घंटे निगरानी के लिए 100 मीटर तक गोता लगाने में सक्षम। |
| अग्नि सुरक्षा बजट | अग्नि सुरक्षा उपायों के लिए 131.48 करोड़ रुपये आवंटित। |
| पुलिस तैनाती | अर्धसैनिक बलों सहित 50,000 से अधिक कर्मी। |

## बुनियादी ढांचे के विकास की मुख्य बातें

- अस्थायी शहर सेटअपः महाकुंभ नगर को हजारों टेंट और आश्रयों के साथ एक अस्थायी शहर में बदला जा रहा है, जिसमें आइआरसीटीसी के 'महाकुंभ ग्राम' लक्जरी टेंट सिटी जैसे सुपर डीलक्स आवास शामिल हैं, जो आधुनिक सुविधाओं के साथ डीलक्स टेंट और विला प्रदान करता है।

### सड़कें और पुल

- 92 सड़कों का नवीनीकरण और 17 प्रमुख सड़कों का सौंदर्यीकरण पूरा होने के करीब है।
- 3,308 पोंटूनों का उपयोग करके 30 पोंटून पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है> 28 पहले से ही चालू हैं।
- नेविगेशन के लिए संकेतकः आगंतुकों का मार्गदर्शन करने के लिए कुल 800 बहु-भाषा संकेत (हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाएं) लगा/2 जा रहे हैं। 400 से अधिक काम पूरे हो चुके हैं, बाकी 31 दिसंबर तक तैयार हो जायेंगे।
- सार्वजनिक उपयोगिताः 2,69,000 से अधिक चेकर्ड प्लेटों को मार्गों के लिए बिछाया गया है। गतिशील शौचालय और मजबूत अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था स्वच्छता सुनिश्चित करेंगी।

## सुरक्षा व्यवस्था



### उन्नत निगरानी

- प्रमुख स्थानों पर 340 से अधिक विशेषज्ञों के साथ एआइ की मदद से भीड़ की निगरानी।
- हवाई निगरानी के लिए हजारों सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन।
- बढ़ी हुई सुरक्षा के लिए प्रवेश बिंदुओं पर चेहरे की पहचान करने की तकनीक।
- अग्नि सुरक्षाः 35 मीटर ऊंची, 30 मीटर चौड़ी आग से निपटने में सक्षम चार आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर्स (एडब्ल्यूटी) की तैनाती।
- अग्नि सुरक्षा उपायों के लिए 131 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। एडब्ल्यूटी आग की घटनाओं को रोकने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए वीडियो और थर्मल इमेजिंग सिस्टम सहित उन्नत तकनीकों से लैस हैं।
- अंडरवॉटर ड्रोनः पहली बार, 100 मीटर तक गोता लगाने में सक्षम अंडरवॉटर ड्रोन संगम क्षेत्र में चौबीसों घंटे निगरानी प्रदान करेंगे।
- साइबर सुरक्षाः 56 साइबर एक्सपर्ट की एक टीम ऑनलाइन खतरों की निगरानी करेगी। सभी पुलिस स्टेशनों में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की जा रही है।
- सुरक्षा और आपदा तत्परता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक बहु-आपदा प्रतिक्रिया वाहन तैनात किया गया। यह प्राकृतिक आपदाओं से लेकर सड़क दुर्घटनाओं तक की स्थिति से निपटने में सक्षम। इसमें 10 से 20 टन की क्षमता वाला एक लिफ्टिंग बैग शामिल है, जो मलबे के नीचे दबे व्यक्तियों को बचाने में सक्षम बनाता है। इसमें 1.5 टन तक वजन वाली भारी वस्तुओं को उठाने और स्थानांतरित करने के लिए विशेष मशीनें शामिल हैं।

## सीएम योगी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दिया न्योता

प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ का शुभारंभ हो रहा है। यह महाशिवरात्रि तक चलेगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और उन्हें प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति के कार्यालय ने 'एक्स' पर मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में भेंट की और महाकुंभ 2025 में आगमन के लिए उन्हें आमंत्रित किया। सीएम योगी ने भी इसी तरह की तस्वीर एक्स पर




पोस्ट करते हुए लिखा कि राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। अपना अमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका हृदयतल से आभार। सीएम योगी ने इसके साथ ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करने के साथ ही उन्हें भी महाकुंभ में आने का न्योता दिया है।



### चिकित्सा अवसंरचना

- शल्य चिकित्सा और नैदानिक सुविधाओं से लैस अस्थायी अस्पताल बनाये गये हैं।
- भीष्म क्यूब की तैनाती, जो एक साथ 200 लोगों का इलाज करने में सक्षम है।
- नेत्र देखभाल पहलः एक 'नेत्र कुंभ' शिविर का उद्देश्य गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने की दिशा में 5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों की आंखों की जांच करना और 3 लाख से अधिक चश्मे वितरित करना है।

## स्वास्थ्य सेवाएं

- एक नेत्र दान शिविर स्थापित किया गया है, जहां 2019 में 11,000 से अधिक लोगों ने अपनी आंखें दान कीं। इस वर्ष का उद्देश्य भारत में 1.5 करोड़ दृष्टिबाधित व्यक्तियों के बीच अंधेपन को कम करने में मदद करने के लिए दानदाताओं को प्रोत्साहित करना है।
- कमजोर समूहों के लिए विशेष देखभालः बुजुर्ग तीर्थयात्रियों और बच्चों के लिए समर्पित स्वास्थ्य शिविर गतिशीलता सहायता, हाइड्रेशन (जलयोजन) सहायता और आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

## पर्यावरणीय स्थिरता

### नदी संरक्षण

गंगा और यमुना नदियों में स्वच्छ पानी सुनिश्चित करने के लिए 3 अस्थायी सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) स्थापित किये जा रहे हैं।


### पर्यावरण और अनुकूल उपाय

प्रकाश व्यवस्था के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग, पुनः प्रयोज्य सामग्रियों को बढ़ावा देना और एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध।

## पर्यटन एवं सांस्कृतिक संवर्धन

### उत्तर प्रदेश मंडप

- नागवासुकी मंदिर के पास 5 एकड़ में फैला यह मंडप यूपी के पर्यटन सर्किट (जैसे रामायण सर्किट, कृष्ण-राज सर्किट, बौद्ध सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट) को प्रदर्शित करता है और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एक हस्तशिल्प बाजार की सुविधा देता है।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम : भारत की आध्यात्मिक विरासत पर शास्त्रीय संगीत, नृत्य और प्रदर्शनियों का प्रदर्शन राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करेगा।
- नदी संरक्षण : गंगा और यमुना नदियों में स्वच्छ पानी सुनिश्चित करने के लिए 3 अस्थायी सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) स्थापित किये जा रहे हैं।
- पर्यावरण-अनुकूल उपायः प्रकाश व्यवस्था के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग, पुनः प्रयोज्य सामग्रियों को बढ़ावा देना और एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध।
- नए कॉरिडोर और मंदिर का नवीनीकरण।
- अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर और पातालपुरी कॉरिडोर जैसे नए कॉरिडोर का विकास।
- नागवासुकी मंदिर और हनुमान मंदिर कॉरिडोर का नवीनीकरण।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 26.3 °C | 15.5 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.29 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## रांची-टाटा रोड पर भीषण सड़क हादसा

# तीन युवकों की मौत, दो घायल

**दशम फॉल घुमने के लिए जा रहे थे दो बाइक पर पांच लड़के**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** रांची-टाटा मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दो की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर पहुंची तमाड़ पुलिस ने घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएच-33 के रांची-टाटा मार्ग पर पोड़ाडीह गांव के पास एक ट्रेलर ने दो बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक बाइक पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए तमाड़ अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गयी। मृतक और घायलों की खबर लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पायी है। सभी युवक जमशेदपुर की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों बाइक पर सवार सभी लोग दिउड़ी मंदिर में पूजा करने के बाद जलप्रपात घूमने जा रहे थे। तमाड़ थाना प्रभारी रोशन झा ने बताया कि मृतकों और घायलों की पहचान की जा रही है।




# मंत्री सुदिव्य कुमार ने पत्नी संग की मां दिउड़ी की पूजा-अर्चना

**तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा भी रहे मौजूद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने रविवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ ऐतिहासिक मां दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास कुमार मुंडा भी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री ने मां दिउड़ी से झारखंड की उन्नति, समृद्धि और शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। इस पवित्र अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। राज्य की समृद्धि और जनता के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मां दिउड़ी से जुड़ा हर क्षण अत्यंत पवित्र और प्रेरणादायक होता है। झारखंड की समृद्धि और जनता के कल्याण के लिए मां का आशीर्वाद सदैव मार्गदर्शक रहेगा। वहीं, इस मौके पर स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने भी राज्य की तरक्की के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। बता दें कि पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर प्रबंधन ने अतिथियों का स्वागत किया और मंदिर के विकास संबंधी योजनाओं पर चर्चा की। इस धार्मिक यात्रा ने क्षेत्रीय जनता के साथ जनप्रतिनिधियों के संबंधों को और मजबूत किया। मंदिर के पुजारी मनोज पंडा ने पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराया। नये साल के पूर्व और रविवार की छुट्टी होने के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ है।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — रोजी-रोजगार में सफलता,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि।

**वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे, उद्योग-धंधे में सफलता। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।

**मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे,निर्माण कार्य में प्रगति.धनलाभ के अवसर बनेंगे।

**कर्क** — नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि,मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — समय अनुकूल है,आय के नये स्रोत मिल सकता है,परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी दूर होगी,सेहत में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है,धार्मिक कार्य में रुचि बढ़ेगी।

**धनु** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या,खर्च अधिक होगा। किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परंतु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

## झारखंड में आज बारिश की संभावना, कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के दक्षिणी और उससे सटे मध्य भागों में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि रविवार को राज्य के दक्षिणी तथा उससे सटे मध्य भागों यानी पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, रांची, खूंटी और गुमला जिले में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। अगले 2 दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने के अनुमान नहीं है। इसके बाद अगले 3 दिन में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट आएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, आज रांची में आसमान में बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रह सकता है।

## गुजरात में राष्ट्र कथा शिविर में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री

# भारतीय ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म के प्रसार को संकल्पित हैं हम : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात के राजकोट में प्रत्येक वर्ष आयोजित राष्ट्रकथा शिविर में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ शामिल हुए और सबसे संवाद किया। प्राचीन भारतीय ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म की परिचर्चा के लिए आयोजित यह शिविर पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रहा है। श्री सेठ ने कहा कि राष्ट्र के इस महायज्ञ में शामिल होकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। इसके आयोजक श्रद्धेय स्वामी धर्मबंधु जीद्वारा विद्वानों के सानिध्य में आयोजित राष्ट्रकथा शिविर राष्ट्र के जागरण का बड़ा माध्यम है। यह शिविर भारत के ऐतिहासिक गौरव का बोध कराने के उद्देश्य से आयोजित होता है, जहां ज्ञान-विज्ञान के साथ ही भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति पर विस्तृत परिचर्चा होती है। उन्होंने इस परिचर्चा में सबसे आह्वान किया कि भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित हो, इसके लिए हम साथ मिलकर काम करें। हमें सुपर पावर, सुपर इकोनामिक पावर, सुपर न्यूक्लियर पावर नहीं बनना है; हमें विश्वगुरु बनना है, जो दुनिया को मार्गदर्शन दे। हमें अहंकार के साथ नहीं जीना है, हमें विश्व बंधुत्व के भाव से दुनिया को मार्गदर्शन देना है। भारत के प्राचीन ज्ञान और विज्ञान का प्रसार दुनिया में हो, इसके लिए हमें काम करना है। विकसित भारत के लिए काम करना है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस शिविर में हर वर्ग से उमड़ा समूह भारत का प्राचीन गौरव फिर से लौटाने को कृत संकल्पित है। स्वामी धर्मबंधु जी के मार्गदर्शन में यह संकल्प पूर्ण होगा। ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्म; हर क्षेत्र में भारत दुनिया का मार्गदर्शक बनेगा और हम सब उसके वाहक बनेंगे। शिविर में केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बसंत बालाजी, प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सानयाल, रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बक्शी, केरल के विधायक सीजी राजगोपालाचारी उपस्थिति रहे।



## गिरिडीह में 9वीं की छात्रा के साथ रेप आरोपी गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। गिरिडीह के सरिया में कक्षा 9वीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। घटना शनिवार की है, जब सरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय दलित छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। वह नौवीं कक्षा में पढ़ती है। घटना का आरोपी एक नाबालिग ट्रैक्टर चालक है, जिसे पीड़िता के परिजनों और ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घटना के संबंध में पीड़िता ने बताया कि शौच जाने के क्रम में एक नाबालिग युवक उसे जबरन झाड़ी में ले गया। यहां उसने छात्रा के साथ दुष्कर्म और मारपीट की। इस मामले में सरिया थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि घटना की पूरी जानकारी नहीं मिली है। अब तक पीड़ित पक्ष ने भी कोई आवेदन नहीं दिया है, जबकि एक किशोर को हिरासत में लिया गया है।

# बढ़ते भारत, बदलते भारत की गाथा है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को दूरदर्शन एवं रेडियो पर किया गया मन की बात संबोधन अत्यंत प्रेरणादायी, महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण संबोधन होता है। श्री मरांडी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 117वें एपिसोड के प्रसारण सुनने के बाद कही।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं को संजोए हुए उसकी गौरव गाथाओं के साथ सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति, बढ़ते भारत और बदलते भारत की झलक होता है। कहा कि आगामी 14 जनवरी से प्रयागराज में लग रहे कुंभ में दिखने वाली भारत की एकता और श्रेष्ठता को समाज जीवन में लगातार बनाये रखने की आवश्यकता है। हमारी विविधताएं देश की कमजोरी नहीं बल्कि विशिष्टता है, विशेषता है। यह देश विविधता में एकता का जीता जगता उदाहरण है। कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को प्रधानमंत्री के आह्वान पर निरंतर चलते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान करने के लिए संकल्पित होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति की विश्व पटल पर बढ़ती ताकत, भारत की प्रतिभाओं को मिलता सम्मान भारत को विश्व की अगुवाई के लिए तैयार कर रहा। युवाओं की ताकत 2047 में विकसित भारत के सपनो को साकार करेगा। रविवार को पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के नेताओं, प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, विधायक, कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र में जनता के साथ बैठ कर कार्यक्रम को सुना।




# पोते के एमएलए बनने के बाद भी विधायक जयराम महतो की दादी बेचती हैं सब्जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) प्रमुख और विधायक जयराम महतो की दादी की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। झारखंड के सबसे युवा विधायक जयराम महतो की दादी अपने पोते के एमएलए बन जाने के बावजूद पहले की तरह बाजार में सड़क किनारे सब्जी बेच रहीं हैं। जयराम महतो की 84 वर्षीय दादी झुपरी देवी अपने पोते के विधायक बन जाने के बावजूद घर-परिवार का खर्चा चलाने के लिए पहले की तरह सब्जी बेच रहीं हैं। वायरल तस्वीर धनबाद के तोपचांची हटिया की है, जहां झुपरी देवी सब्जी बेच रहीं हैं। बताया जाता है कि जयराम महतो की दादी खुद अब भी खेतों में मेहनत करती हैं और अपने खेतों में उपजी सब्जियों को बाजार बेचने के लिए ले जाती हैं। बचपन में ही पिता के निधन के बाद मां और दादी ने ही सब्जी बेच कर जयराम महतो को पढ़ाया और परवरिश की है। संघर्ष के बीच जीवन जीने की आदत पोते के विधायक के बनने के बाद भी नहीं बदली। जयराम महतो की मां की जीवनशैली भी अपने बेटे के विधायक बन जाने के बावजूद नहीं बदली है।




# आइएएस पूजा सिंघल का सस्पेंशन जल्द होगा रिवोक

**कार्मिक विभाग ने बढ़ायी फाइल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइएएस पूजा सिंघल का निलंबन जल्द वापस (सस्पेंशन रिवोक) लिया जायेगा। इसके लिए कार्मिक विभाग ने फाइल आगे बढ़ा दी है। चीफ सेक्रेट्री की अध्यक्षता में बनी कमेटी इस पर विचार कर रही है। कमेटी की अनुशंसा के आलोक में निलंबन वापस लिया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक पूजा सिंघल का निलंबन खत्म करने के लिए कानूनी जानकारों से राय ली गयी है।

**7 दिसंबर को जेल से रिहा हुई हैं पूजा सिंघल :** बता दें कि मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल को इडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। इडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को इसी महीने की 7 दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है।



## रांची को अजमेर और जयपुर से जोड़ने वाली ट्रेन आज से बंद

रांची (आजाद सिपाही)। चुनाव के पहले रांची को 2 नयी ट्रेन मिली थी, जिसमें से एक मदार (अजमेर) - रांची के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन सोमवार को अखिरी बार रांची से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन में लंबी वेटिंग लिस्ट होने के बावजूद रेलवे इसके परिचालन को आगे नहीं बढ़ाया, तत्काल टिकट भी पूरी तरह बिक चुका है। यात्रियों की मांग को भी रांची रेल मंडल एवं उत्तर पश्चिम रेलवे अनदेखी कर रहा है। इसके अतिरिक्त रांची के लोग चक्रधरपुर व टाटानगर जाते हैं अहमदाबाद की ट्रेन पकड़ने। रांची से जो भी ट्रेन गुजरती है, उनमें तो सीट का कोटा ही नहीं है, झारखंड के कई लोग असम के चाय बागान मे काम करने जाते है डिब्रूगढ़, पर यहां से भी रांची की सीधी ट्रेन नहीं है।

## वैश्य मोर्चा, केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित

# लड़ने के लिए प्रशिक्षण जरूरी है : महेश्वर साहू



**18 जनवरी को पतरातू में प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह करने निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा रविवार को कांके सुकुरहुट्टू स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू के आवासीय परिसर में केंद्रीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 जनवरी को पतरातू डैम में केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जल्द ही तैयारी समिति गठित किया जायेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि किसी भी तरह की लड़ाई लड़ने से पहले सीखना और तैयारी करना जरूरी है। वैश्य मोर्चा राज्य की 40% आबादी की अगुवाई करती है और समाज को वैश्य मोर्चा से काफी उम्मीदें हैं। हमें समाज की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए काम करना होगा। इसलिए प्रशिक्षण जरूरी है।

बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर हजारीबाग में अनीता कुमारी को जला कर मार देने की घटना की कड़ी निंदा की गयी और तय किया गया कि 31 दिसंबर को वैश्य मोर्चा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग जाकर स्व. अनीता कुमारी के परिवार वालों से मिलेगा, फिर आगे की रणनीति बनायी जायेगी। बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं अनीता कुमारी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, सुरेश साहू, अश्विनी कुमार साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, उप-प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिलीप कुमार, कपिल प्रसाद साहू, शिव प्रसाद साहू, संगठन महासचिव कृष्णा साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, राजेंद्र साहू, संगठन सचिव चतुर साहू, केंद्रीय सदस्य डॉ अरविंद कुमार, नरेश साहू, हृदय प्रसाद साहू, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहू (रांची), बसंत प्रसाद साहू (रामगढ़), महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहू, सचिव आदित्य पोद्दार, राजन चौधरी, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

# महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल को दी श्रद्धांजलि

## किशोर कुणाल के निधन पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल ने जताया शोक



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आइपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री मरांडी ने कहा कि स्व कुणाल के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

## राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने किशोर कुणाल के निधन पर दुख व्यक्त किया



झारखड़ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने पूर्व आइपीएस अधिकारी, महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव तथा अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि आचार्य कुणाल के निधन से प्रशासनिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## आचार्य किशोर कुणाल का निधन सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति : डॉ लंबोदर महतो



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के संस्थापक सदस्य, महावीर मंदिर न्यास पटना के संस्थापक सचिव एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहें आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में जहां कई कार्यों को किया है, वहीं दलितों एवं पिछड़ों के हित में भी कार्य किया है। उनका निधन सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को धैर्य रखने की शक्ति प्रदान करने प्रार्थना की।

## किशोर कुणाल के अकस्मात निधन की सूचना से स्तब्ध रह गया: अमरनाथ सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय पुलिस सेवा के लोकप्रिय एवं चर्चित अधिकारी, बहुमुखी प्रतिभा के धनी किशोर कुणाल के असामयिक निधन की सूचना से अत्यंत मर्माहत हूं। सहसा यकीन ही नहीं हो रहा है की किशोर कुणाल अब हमारे बीच नहीं रहे। उक्त बातें राजधानी रांची के एचइसी परिसर निवासी जाने-माने समाजसेवी अमरनाथ सिंह ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कही। श्री सिंह पवनपुत्र हनुमानजी के अनन्य भक्तों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि स्व.कुणाल एक कुशल प्रशासक के साथ-साथ समाजसेवी एवं धार्मिक-आध्यात्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्म-अध्यात्म के क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि किशोर कुणाल ने पटना स्थित महावीर मंदिर की पूरे देश में एक अलग पहचान स्थापित की। उनके प्रयासों का ही प्रतिफल है कि श्रद्धालुओं के लिए पटना स्टेशन स्थित महावीर मंदिर एक विख्यात धार्मिक स्थल के रूप में आकर्षण का केंद्र बन गया है। श्री सिंह ने बताया कि गत वर्ष वे आकर्षक हनुमान चालीसा की कुछ प्रतियां लेकर महावीर मंदिर, पटना में किशोर कुणाल को सौंपने गये थे। साथ ही कैनवास पर हनुमानजी की उकेरी गयी एक दुर्लभ तस्वीर भी महावीर मंदिर में लगाने की उनकी इच्छा थी, लेकिन कुणालजी से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# सरस महोत्सव के दसवें दिन 24 हजार लोगों ने किया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के दसवें दिन लगभग 24 हजार लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया। इस महोत्सव में पूर्व निर्धारित सभी आयोजन प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहे। महोत्सव घूमने के लिये आगंतुकों में उत्साह की कोई कमी नहीं रही। रविवार को एनसीसी के दो झारखंड एयर विंग के कैडेट द्वारा महोत्सव का परिभ्रमण किया गया। उन्होंने बताया कि मिट्टी का बर्तन बनाना, कोकून से रेशमी वस्त्र बनाने तथा कोरा, लाह से चूड़ी बनने, पुनी से सूती वस्त्र और रेशमी वस्त्र से परिधान बनने की जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम देखने योग्य है। हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय के स्टाल में भागलपुर, असम, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश के हैंडलूम के कपड़े एवं ब्लॉक प्रिंटिंग की साड़ी, सूट, दुपट्टा, फैब्रिक इत्यादि के स्टाल में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। झारखंड माटी कला बोर्ड के स्टाल में मिट्टी के आकर्षण बर्तन, टेराकोटा ज्वैलरी, टेराकोटा हैंगिंग बेल इत्यादि की बिक्री भी खूब हो रही है। महोत्सव में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने के लिये निशुल्क इ-रिक्शा की व्यवस्था की गयी है। महोत्सव परिसर में छोटे शिशुओं को स्तनपान कराने के लिये बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होने से माता को बहुत सुविधा हुई है। महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की भी व्यवस्था है। महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगि उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग सवा दो करोड रुपये की रही है।




# सरणि परे प्रभ अंतरजामी नानक ओट पकरी प्रभ सुआमी...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा रविवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी सुबह 5.45 बजे पिस्का मोड़ के आगे सरदार रंजीत सिंह चुचरा के घर से आरंभ हुई और वहां से त्रिलोक मक्कड़, ऋषिकेश दुआ के घर, चंद्रशेखर किंगर (बिटटू) के रशिम हाइट्स स्थित फ्लैट, लक्ष्मण मिढा के घर, बैंक कॉलोनी स्थित सरदार जोगिंदर सिंह मिढ़ा, गोल्डी मिढ़ा के घर होते हुए नारायण दास अरोड़ा के आवास पहुंची और शबद कीर्तन एवं अरदास के साथ वहीं प्रभात फेरी सुबह 8 बजे समाप्त हो गयी।

फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया,शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, नीता मिढ़ा, रेशमा गिरधर, इंदु पपनेजा, गूंज काठपाल, बबीता पपनेजा एवं जसपाल मुंजाल ने लोचै मेरा मनु लोचै गुर दरसन ताई बिलप करे चात्रिक की निआई... एवं सरणि परे प्रभ अंतरजामी नानक ओट पकरी प्रभ सुआमी... तथा मिहर करे ता खसमु धिआई संता संगति नरकि न पाई... जैसे कई शबद गायन करते हुए कॉलोनी की गलियों में भक्ति रस घोला। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से कुशल क्षेम की अरदास की। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभात फेरी का समापन 31 दिसंबर को होगा। प्रभात फेरी में नारायण दास अरोड़ा, जोगिंदर सिंह मिढ़ा, जसवंत चूचरा, राकेश अरोड़ा, गोल्डी मिढ़ा, करण अरोड़ा, हर्ष आर्यन, अनिल मिढ़ा, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा आदि शामिल थे।



# राजद का सम्मान समारोह और कार्यकर्ता सम्मेलन 12 जनवरी को

**तैयारी समिति का किया गया गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोकर चुन्ना भट्टा बैंक कॉलोनी स्थित दीपक के आवास पर रविवार को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस की अध्यक्षता पूर्व महानगर अध्यक्ष अर्जुन यादव ने की। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा की गयी कि 12 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से सम्मान समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन किया जायेगा। इस सम्मान समारोह में श्रम कौशल विकास उद्योग झारखंड सरकार मंत्री संजय प्रसाद यादव, झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के विधायक सुरेश पासवान एवं विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह का कोकर में ब्लेसिंग बैंकवेट हॉल में स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन को लेकर एक तैयारी समिति बनायी गयी है। तैयारी समिति में अर्जुन यादव, कृष्ण कुमार (अधिवक्ता) संतोष प्रसाद, मनोज अग्रवाल, जाफर अंसारी, बिजय यादव, लाल बाबुरजक, ब्रह्मदेव प्रसाद, मनोज यादव, सुनील टोप्पो सीता राम यादव, राज कुमार यादव, संतोष यादव को रखा गया है।

इस बैठक में रांची महानगर राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन यादव ने कहा कि यह सम्मान समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन राष्ट्रीय जनता दल को मजबूती प्रदन करेगा। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारे मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष और विधायक का जो संदेश हम सभी कार्यकर्ता को देंगे, उन संदेशों को हम घर-घर जाकर लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बैठक में झारखंड प्रदेश के महासचिव प्रणय कुमार, कृष्ण कुमार (अधिवक्ता) अरविंद कुमार सिंह, उमेश कुमार, अजय यादव, हरिचंद्रा, अनिल कुमार, अशोक यादव शामिल हुए।

# 182वें नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को 182वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण स्वामी सदानंद महाराज के शिष्य बिमला जालान, मनीषा जालान, दिलीप जालान एवं राजू तोदी ने बिजय जालान की पुण्य स्मृति पर उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से किया। पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओं, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों के बीच पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवं केसरिया जलेबी, आलूचाप एव मिक्चर का पैकेट दिया गया। इस सेवा कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, विशाल जालान, बिष्णु सोनी, सुरेश भगत, मनीष जालान, शिव भगवान अग्रवाल, एचएन मौर्या, ओम प्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, चंद्रदिप साहू, महेश वर्मा, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू एवं सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

# रविवार को एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल में भारी भीड़ उमड़ी

## जेसीबी से ऊपर जाकर 'ऊंची वाली सेल्फी' का जबरदस्त क्रेज रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर के कार्निवल मे वर्ष के अंतिम रविवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।लोगों ने देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आनंद लिया।

आज जेसीबी से ' ऊंची वाली सेल्फी' का जबरदस्त क्रेज रहा। लोगों को जेसीबी के बकेट में बैठ कर हवा से 25 फीट ऊपर ले जाकर सेल्फी खींचना था। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए लोगों की लाइन लगी रही।लोगों ने ऊपर जाकर अलग-अलग एंगल से अपनी सेल्फी ली। एक और मुख्य आकर्षण' धूम मचा दे ' ग्रुप डांस प्रतियोगिता थी। इसके निर्णायकों में दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक, बॉलीवुड हिप हॉप फेम के निर्मल सर, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना नीतू मैडम, फ्रीस्टाइल और सालसा फेम के प्रवीण सर उपस्थित थे। विभिन्न ग्रुपों ने साकी साकी, मैं नहीं तो कौन रे, बम बम भोले, चांद ढलता नहीं,आदि गीतों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

रविवार के कार्यक्रमों के सबसे पहले शुरुआत बेस्ट ड्राइंग प्रतियोगिता से हुई। उसके बाद बड़ी दंगल टाइम हुआ। फिर वह स्त्री है - बेस्ट साड़ी कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने स्टेज पर रैंप वॉक करके अपनी साड़ी की नुमाइश की. सबसे ज्यादा भीड़ चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में हुआ। यह सभी वर्गों के लिए रखा गया। लोगों को कम समय में ज्यादा से ज्यादा चॉकलेट खाने की चैलेंज था। लोगों ने जमकर इसका आनंद उठाया। शाम 4 बजे फॉल आफ शो का आयोजन हुआ। रविवार को फैंसी ड्रेस का भी आयोजन था जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे अलग-अलग वेशभूषा पहन कर आये थे।

इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा,कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी,डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, राहुल शाह देव, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या,पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।





**रविवार का परिणाम**

- ड्राइंग प्रतियोगिता- युवांश,अभिक, अनुष्का, सोमन, वेदांत, आर्यन
- दंगल टाइम - नम्रता, विभा, खुशबू
- बेस्ट साड़ी कंपटीशन - प्रिया प्रीति, स्नेहा, विभा, नेहा
- चाकलेट ईटिंग - प्रिया, मिस्त्री, अनंत,
- सेल्फी टाइम - सुरुचि
- द फॉलो अप शो- काजल,
- फैंसी ड्रेस - आयुष्मान, अद्वहिक, आमना, आराध्या, रक्षा, आकांक्षी, अनिका, शांभवी।

**आज का कार्यक्रम**

- 11.00 बजे- कार्निवल ओपन
- 11:30 बजे- बेस्ट टैटू कंपटीशन
- 12:00 बजे- दंगल टाइम
- 1:30 बजे- मिस बैगवती( बेस्ट हैंड बैग कंपटीशन)
- 3.00 बजे- सेल्फी टाइम
- 3:30 बजे- झूठी खाली थी कसम
- 4:00 बजे- द फॉलो अप शो
- 5:00 बजे- बेस्ट कपल डांस कंपटीशन
- 5.30 बजे-मिस ब्यूटीफुल एंड मिस्टर हंक (16 से 25 वर्षों तक के युवक और युवतियों के लिए कैटवॉक कंपटीशन)
- 7:00 बजे- बेस्ट आउटफिट कंपटीशन ( थीम ब्लू आउटफिट )
- 8:00 बजे- लकी ड्रॉ

# निर्मला कान्वेंट हाइस्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एदलहातू, मोराबादी स्थित निर्मला कान्वेंट हाइस्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन बड़े ही धूमधाम तथा हर्ष उल्लास से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा और छात्र-छात्राओं ने केक काटकर के किया। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने क्रिसमस कैरोल गीत गाया। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने क्रिसमस त्योहार पर विशेष प्रभाव डालते हुए बताया कि क्रिसमस दिवस को ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने यह पर्व मनुष्य जाति को पापों से मुक्ति दिलाने, लोगों में प्यार एवं भाईचारा स्थापित करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने क्रिसमस डे की तैयारी में हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। कुछ बच्चों ने सेंटा क्लोज की वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन कर दिल जीत लिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक आशुतोष कुमार,सुरेश कुमार, अनामिका छेत्री,किरण कुमारी, सुधीर कुमार आदि सहित सभी स्टूडेंट्स उपस्थित थे।



# बाल विवाह मुक्त भारत के लिए कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बनखेता,चुटुपालू,रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड प्रशिक्षुओं के द्वारा एनसीपी के निदेर्शानुसार बाल विवाह मुक्त भारत के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीएड 2023-25 के शमा प्रवीण एवं ग्रुप ने बाल विवाह के दुष्प्रभाव थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने कहा कि देश को बाल विवाह मुक्त बनाने में शिक्षक की भूमिका माता पिता से महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षु अपने आस पास और समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने में जागरूक करने का कार्य करें। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डां अवध किशोर सिंह, आइक्यूएसी कोर्डिनेटर अभिषेक कुमार पांडेय सहित शिवानी कुमारी, सुनीति बाला चंद्रा, आकांक्षा सिंह इत्यादि व्याख्यातागण सभी प्रशिक्षुगण सहित रामशोभा वर्ल्ड स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे। मंच का संचालन व्याख्याता अनिल कुमार प्रजापति के द्वारा किया गया।

# नृत्यशाला: मेकॉन इस्पात क्लब में कथक कार्यशाला

## तकनीकी विशेषताओं के साथ भाव-भंगिमा के बारे में भी बताया

**शास्त्रीय नृत्य कला से परिचय कराना कार्यशाला का मकसद : मोनिका डे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कथक को लोकप्रिय बनाने के लिए यहां मेकॉन इस्पात क्लब, रांची में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन नृत्यशाला के तत्वावधान में किया गया था। इस आयोजन में लगभग 200 लोगों ने भाग लिया। यह एक दिवसीय कार्यशाला था, जिसमें संदीप मलिक ने लोगों को कथक की बारीकियों से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मकसद ही है कथक को लोकप्रिय बनाना। अब कथक की अनुगूंज दूर देशों में भी सुनाई देती है और करियर के लिहाज से भी यह ठीक है।

कार्यशाला में श्री मलिक ने प्रतिभागियों को अपनी टीम के साथ प्रशिक्षित किया। उन्होंने कथक के मूल तत्वों- नृत्य मुद्राएं, ताल और भाव-भंगिमाओं का व्यावहारिक ज्ञान दिया। कार्यशाला में साढ़े तीन वर्ष से ऊपर विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने दो सत्रों (जूनियर एवं सीनियर) में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने इसे अनमोल अनुभव बताया।

नृत्यशाला की संचालिका मोनिका डे ने बताया कि कार्यशाला का मकसद साफ था: बच्चों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गहराइयों से परिचित कराना और उन्हें इस समृद्ध कला की बारीकियों से अवगत कराना। पंडित संदीप मलिक ने न केवल कथक नृत्य की तकनीकी विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि बच्चों को भाव-भंगिमा और अभिव्यक्ति के महत्व को भी सिखाया। बच्चे काफी उत्साहित दिखे।

कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को पंडित संदीप मालिक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पंडित संदीप मालिक ने बच्चों के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन भारतीय शास्त्रीय कलाओं के प्रचार-प्रसार में सहायक होते हैं।




# अमन गिरोह के मयंक ने भारतमाला प्रोजेक्ट पर गोलीबारी की ली जिम्मेदारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने भारतमाला प्रोजेक्ट पर शनिवार दोपहर को हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बर्बरीक प्रोजेक्ट में जो घटना हुई है, वह उसने कराया है। कंपनी को उसकी ये आखिरी चेतावनी है। कंपनी को क्या लगता है, उसको बिना मैनेज किए आप काम कर-के नहीं निकल पायेंगे। मयंक सिंह ने लिखा है कि हमको इग्नोर किये। इसलिए आज आपके कान का पर्दा खोलने के लिए दिवाली मनाये हैं। अगली बार होली खेलेंगे, वो भी खून की। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र स्थित गोला-चारु पथ के बरियातू के समीप शनिवार दोपहर आपराधिक गैंग ने पांच राउंड फायरिंग की थी। इस दौरान अपराधियों ने भारतमाला परियोजना में काम करने वाले कर्मियों को भी काम बंद करने की चेतावनी दी थी।

# ब्रदर्स ऐकेडमी की प्रवेश परीक्षा जी-सैट सफलतापूर्वक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नए सत्र के लिए रविवार को ब्रदर्स ऐकेडमी के विभिन्न कोर्स में नामांकन हेतु जी-सैट प्रवेश परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन मोड में सफलतापूर्वक हुआ। इसमें विभिन्न सत्रों में कुल मिला कर 1167 से ऊपर की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र के पैटर्न और पूछे गए प्रश्नों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पैटर्न की परीक्षा से ही वास्तविक मेधा का चयन संभव है। नये सत्र के लिए 25 मार्च -2025 से बैच शुरू होंगे। जो छात्र रविवार कोकी प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, वे ब्रदर्स एकेडमी की अगली ग्रैंड - स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (जी-सैट) 05-जनवरी-2025 में भाग ले सकते है, जोकि ऑफलाइन मोड में नये सत्र के लिए आयोजित की जायेगी। जी-सैट के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट लिंक http://www.brothersacademy.co.in/admissions.php पर उपलब्ध है। इसके अलावा, रांची के लालपुर और डोरंडा परिसर से भी आवेदन पत्र प्राप्त और जमा किए जा सकते हैं। जी-सैट परीक्षा का महत्व इस बात में है कि यही ब्रदर्स एकेडमी में आइआइटी-जेइइ कोचिंग में प्रवेश का एकमात्र माध्यम है। जी-सैट के सभी प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40% स्कॉलरशिप दी जायेगी और प्रत्येक कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को 100% स्कॉलरशिप मिलेगी।

कक्षा 7, 8 और 9 में पढ़ने वाले छात्र, ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन को ध्यान में रखते हुए 1 वर्ष / 3 वर्ष / 4 वर्ष / 5 वर्ष के प्री-फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी-जेइइ के लिए 2 वर्षीय कोर्स में नामांकन ले सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 11 और 12 का सिलेबस भी पढ़ाया जायेगा।



## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री सर्वेश्वरी समूह की महिला संगठन ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा ने सिमडेगा के जुरकेला गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान जुरकेला के अलावा लरबा, खटगांव, टंगरा टोली, पूरना टोली, अघरमा और कोलेबिरा के जरूरतमंदों के बीच 150 कंबल बांटे गये। श्री सवेश्वरी समूह के उन्नीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व महिला संगठन ने किया। कार्यक्रम में लाल उपेंद्र नाथ शाहदेव, नयन मंजरी देवी, आतिश तिवारी, नीतेश लाल के साथ शाखा के 30 श्रद्धालु और सदस्य शामिल हुए। रमावती देवी ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और परमपूज्य बाबा संभव राम जी की विधिवत तरीके से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद ग्रामीणों के बीच एक लघु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शाखा की ओर से गिरेंद्र नाथ शाहदेव ने सर्वेश्वरी समूह का संक्षिप्त परिचय दिया। साथ ही समूह की ओर से आयोजित होने वाले जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में बताया।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने बांटे कंबल



**रांची (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय चरण मे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर, पुंदाग मे असहाय निर्धन एवं जरूरतमंदों को 140 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने कहा की सर्दी के मौसम मे गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं है। सम्मेलन द्वारा विगत कई वर्षो से जनसेवा की तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल वितरण किया जा रहा है। तथा जरूरतमंदों को राहत दिलाने मे हमेशा सदैव तत्पर रहता है। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं इसकी जितनी सेवा करें कम है इनकी सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। सम्मेलन द्वारा निरंतर जन सेवा के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गो के लिए मदद पहुंचाना है। कंबल मिलने पर सभी ग्रामीणों ने बहुत ही खुशी जाहिर की। कार्यक्रम मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष पवन पोद्दार, विनोद जैन, सुरेश अग्रवाल,अनिल कुमार अग्रवाल, मनोज चौधरी,सज्जन पाड़िया, विजय अग्रवाल,अनूप अग्रवाल, ललित पोद्दार,अजय डीडवानिया अशोक लाठ, प्रदीप बाजोरिया, सुनील पोद्दार, मीना अग्रवाल के अलावे अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### पूर्व सैनिक महासम्मेलन 11-12 जनवरी को

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद (एबीपीएस एसपी) झारखंड द्वारा 11 और 12 जनवरी 2025 को रांची में गुरु नानक स्कूल चौक में पूर्व सैनिक महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें झारखंड भर से पूर्व सैनिक एवं मातृशक्ति शामिल होंगे। रांची जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर नारायण प्रसाद ने बताया कि इस महासम्मेलन में पूर्व सैनिकों एवं परिवारों के लाभ एवं आवश्यकताओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। इस महासम्मेलन को मजबूत एवं सफल बनाने के लिए सभी पूर्व सैनिकों को शामिल करने के लिए अभियान जारी है, जिसमें महासचिव सूबेदार ललन ठाकुर, संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष सूबेदार अरुण झा, सूबेदार एमके राय, एसएम धनराज सिंह, अरुण तिवारी एवं अन्य सदस्य तथा मातृशक्ति अध्यक्ष नीरा देवी एवं अन्य मातृशक्ति का भी योगदान है। इस महासम्मेलन में पूर्व सैनिकों की आवाज एवं संगठन की शक्ति को राज्य और केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत होगी। जिला अध्यक्ष ने रांची से भारी संख्या में पूर्व सैनिकों एवं मातृशक्ति समूह को शामिल होकर ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

### कुलदेवी मां ढांढण सती श्री टिडा गेला दादी की दिव्य ज्योत कल रांची पहुंचेगी



**रांची (आजाद सिपाही)।** कुलदेवी मां ढांढण सती श्री टिडा गेला दादीजी की दिव्य ज्योत यात्रा अखिल भारत का भ्रमण करते हुए झारखंड के विभिन्न मार्गों से होते हुए रांची आ रही है। यह 31 दिसंबर मंगलवार को दिन में दस बजे पहुंचेगी। श्री ढांढण शक्ति प्रचार मंडल की ओर से दिव्य ज्योत का स्वागत किया जाएगा। उसके पश्चात दादी जी की भव्य शोभायात्रा फिरायालाल चौक स्थित दुगार्बाड़ी से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों शहीद चौक, पुस्तक पथ, गांधी चौक, ईस्ट मार्केट रोड, कार्ट सराय रोड, बंशीधर अडुकिया लेन, माहेश्वरी भवन, सेवा सदन पथ से होते हुए श्याम मेटल लेन में समाप्त होगी। उसके पश्चात संध्या 5 बजे से दादी जी की अखंड ज्योत एवं भजन मंडली की ओर से भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी। दादी जी को छप्पन भोग एवं महाप्रसाद लगाकर दादी भक्तों के बीच वितरण किया जाएगा। पुनः दादी जी की दिव्य ज्योत एक जनवरी 2025 को प्रातः 6:30 बजे रांची से संबलपुर के लिए प्रस्थान करेगी। इस कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में प्रमोद बजाज, ओम प्रकाश बजाज, विवेक बजाज, सुरेश बजाज, पंकज बजाज, विष्णु बजाज, अमित भरतीया, राजेश भरतीया, मनोज रूईया, संजय बजाज, शंकर भरतीया, कन्हैया लाल भरतीया, मुकेश पोद्दार, विष्णु सोनी, रमाकांत सुल्तानिया अपना पुरा सहयोग दे रहे हैं।

# एचइसी की अतिक्रमित जमीन पर चला बुलडोजर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा चौक से हरमू जाने वाले बायपास रोड पर रविवार को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। रांची जिला प्रशासन और एचईसी टीए डिवीजन ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। टीम ने बायपास रोड के किनारे 15 फीट तक अतिक्रमित जमीन पर बने दुकानों, गैरेज और बाउंड्री पर बुलडोजर चलाया।

बता दें कि पिछले दिनों सीएम हेमंत सोरेन ने रांची को अतिक्रमण मुक्त बनाने की बात कही थी।



**पहले सड़क किनारे, फिर अवैध कॉलोनियों पर चलेगा अभियान** : मौके पर अरगोड़ा सीओ सुमन सौरभ ने कहा कि आगे भी आदेश के अनुसार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जायेगा। वहीं एचईसी टीए डिवीजन की टीम ने कहा कि एचईसी के अतिक्रमण वाले क्षेत्र को भी मुक्त करवाया जायेगा। शुरुआत रोड के किनारे से हुई है। बाद में अवैध कॉलोनी में भी अभियान चलेगा।

# निफ्ट 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन छह जनवरी तक कर सकेंगे, टेस्ट नौ फरवरी तक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) 2025 प्रवेश परीक्षा के लिए 6 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा दो फॉर्मेट कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट और पेपर बेस्ड टेस्ट 9 फरवरी 2025 को आयोजित की जायेगी। इस वर्ष परीक्षा के लिए रांची और धनबाद में केंद्र चिह्नित किए जायेंगे। प्रवेश परीक्षा के जरिए विद्यार्थी सत्र 2025-26 के यूजी, पीजी और पीएचडी प्रोग्राम में शामिल हो सकेंगे। देशभर में 16 निफ्ट के संस्थान हैं। कुल 5330 सीटें हैं। जेनरल और ओबीसी के लिए आवेदन शुल्क 3000 रुपये और एससी-एसटी और दिव्यांगों के लिए 1500 रुपये तय है। लेट फाइन 5000 रुपये के साथ अभ्यर्थी 7 जनवरी से 9 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के क्रम में हुई त्रुटि को सुधारने के लिए करेक्शन विंडो 10 से 12 जनवरी तक खोला जायेगा। निफ्ट 2025 में सफल होने वाले विद्यार्थी देशभर के 16 निफ्ट संस्थान में यूजी, पीजी और पीएचडी प्रोग्राम में नामांकन ले सकेंगे। यूजी प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थी - बैचलर ऑफ डिजाइन और बैचलर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी में नामांकन ले सकेंगे। पीजी प्रोग्राम के तहत - मास्टर ऑफ डिजाइन, मास्टर ऑफ फैशन मैनेजमेंट, मास्टर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी कोर्स में शामिल होंगे. यूजी और पीजी कोर्स पूरा करने वाले अभ्यर्थी पीएचडी के लिए आवेदन कर सकेंगे।

प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थी को निफ्ट संस्थानों में मौजूद 5330 सीट में नामांकन का मौका मिलेगा। निफ्ट कैंपस- नयी दिल्ली, चेन्नई, गांधीनगर, कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई, भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, कांगरा, कन्नुर, पटना, रायबरेली, शिलांग एवं श्रीनगर में हैं।

### सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश कमेटी का चुनाव संपन्न

# इम्तियाज आलम अध्यक्ष मनोनीत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश कमेटी का चुनाव रविवार को रांची के संत जेवियर स्कूल के पीछे इसलहिया कम्युनिटी हॉल परसटोली मे शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मतदान सुबह 11 बजे से दोपहर 3 तीन बजे तक चला,उसके बाद शाम 4 बजे बजे से मतगणना शुरू हुआ जिसका परिणाम देर शाम तक आ गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए इम्तियाज आलम रामगढ़ से उपाध्यक्ष के लिए इमरान सिद्दीकी चतरा से, सचिव पद के लिए फिरोज अहमद उर्फ गोल्डन गढ़वा से,सह सचिव पद के लिए मो मुस्तकीम डाल्टनगंज से एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए असगर आलम पलामू से निर्वाचित हुए।चुनाव सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी रांची ज़िला के सदर अफजल आलम और मो नवाब सिद्दीकी के देख रेख में संपन्न हुआ। प्रदेश कमेटी के गठन उपरांत 21 लोगो को एग्जीक्यूटिव बोर्ड के लिए चुना गया साथ ही रांची के सदर अफजल आलम को प्रदेश कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। इनके साथ मुख्य रूप से इम्तियाज आलम,शमशुल होदा, सनोवर आलम, तोहिद आलम का मुख्य योगदान रहा। वही चुनाव ऑब्जर्वर टीम में इम्तियाज आलम धनबाद,असीम जफर हजारीबाग,मो जिसान बरही, मक्शुद आलम रांची,हाजी अकरम शामिल थे।

# समाज को दिशा देती है पत्रकारिता : बैजनाथ मिश्र



- रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट कर रहा है झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स का आयोजन, राज्य भर के पत्रकारों से आवेदन आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिस तरह दधिचि ने अपनी हड्डी का दान कर अपने राज की रक्षा की थी, उसी तरह पत्रकार अपना सर्वस्व देकर समाज को दिशा दिखाने का काम करते हैं। ऐसे पत्रकारों का सम्मान समाज का सम्मान होगा। यह कहना था वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व सूचना आयुक्त बैजनाथ मिश्र का। आज रांची प्रेस क्लब में झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स 2024 की घोषणा करते हुए उन्होंने उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि झारखंड बनने के बाद पहली बार रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के तत्वावधान में झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स देने का निर्णय लिया गया है, जो सराहनीय है।

### तीन कैटेगरी में दिया जायेगा पत्रकार सम्मान

रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने बताया कि कुल तीन कैटेगरी- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड (31000 रुपये, शॉल एवं मोमेंटो), बेस्ट रिपोर्टर अवार्ड (21000 रुपये, शॉल एवं मोमेंटो) और बेस्ट फोटोग्राफी अवार्ड (21000 रुपये, शॉल व मोमेंटो) दिया जायेगा। जूरी मेंबर रिटायर्ड आइएएस रणेंद्र कुमार ने कहा कि पूरी पारदर्शिता से चयन किया जायेगा। आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के अध्यक्ष नित्यानंद शुक्ला ने बताया कि पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम से जुड़कर ट्रस्ट आह्लादित है।

### 15 तक कर सकते हैं नॉमिनेशन

प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत ने बताया कि झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स के लिए 15 जनवरी तक रांची प्रेस क्लब में नॉमिनेशन किया जा सकता है। तीनों अलग-अलग कैटेगरी के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करने होंगे। आवेदन का प्रारूप रांची प्रेस क्लब के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं या रांची प्रेस क्लब से हासिल किया जा सकता है। विधिवत भरा आवेदन आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के साथ रांची प्रेस क्लब में 15 जनवरी 2025 तक जमा किया जा सकता है।

### सात सदस्यीय जूरी करेगी निर्णय

नित्यानंद शुक्ला ने बताया कि आवेदनों की जांच कर अंतिम निर्णय लेने के लिए सात सदस्यीय जूरी गठित की गयी है। इसमें वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, सोनाली दास, रांची यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो अजीत कुमार सिन्हा, रिटायर्ड आइएएस रणेंद्र कुमार, रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, महासचिव अमरकांत और ट्रस्ट के अध्यक्ष नित्यानंद शुक्ला शामिल हैं।

# रांची की प्रमुख सड़कों पर लगेंगी डेकोरेटिव लाइटें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी की प्रमुख सड़कों को सजाया-संवारा जायेगा। इसकी शुरुआत कचहरी-मेन रोड से की जायेगी। सड़कों पर डेकोरेटिव लाइटें लगा कर खूबसूरत बनाया जायेगा। वहीं, सड़क पर बने डिवाइडर का डिजाइन बदल कर उस पर आकर्षक पौधे भी लगाये जायेंगे। बाद में शहर की अन्य प्रमुख सड़कों को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जायेगा। नगर विकास सचिव सुनील कुमार ने रांची नगर निगम एवं जुडको के अधिकारियों को इससे संबंधित निर्देश दिया है।



### पुनर्विकास की योजना तैयार करने का निर्देश

सचिव ने कचहरी चौक, जुडको कार्यालय, नियोजन कार्यालय, लाइन टैंक रोड होते हुए चडरी रोड से अलबर्ट एक्का चौक तक के पुनर्विकास की योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। उक्त सड़क को यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए योजना बनाने की आवश्यकता बतायी। सड़क के पुनर्विकास का प्रस्ताव जल्द देने को कहा। श्री कुमार ने राहगीरों के लिए बनाये गये फुटपाथ को आरामदायक बनाने का भी निर्देश दिया. फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कर वहां आकर्षक लाइटिंग का इंतजाम करने को कहा। लोगों की सुविधा के लिए सड़कों पर उचित दूरी चिह्नित कर शौचालय और ट्रैफिक बूथ का भी निर्माण कराने का निर्देश दिया।

### झारखंड के मौसम में आया बदलाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** देश में पश्चिमी विक्षोम का प्रभाव धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिसका असर झारखंड में भी महसूस किया जा रहा हैं। राज्य के विभिन्न इलाकों में बारिश और ठंड बढ़ने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने शीतलहर और बारिश को लेकर कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोम के कारण झारखंड में मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिलेगा। दिनभर बारिश की संभावना है और शाम तक मौसम साफ हो सकता है, जिससे अधिकतम तापमान में गिरावट आयेगी। इससे राज्य के कई इलाकों में ठंड का असर बढ़ेगा. खासतौर पर पश्चिमी विक्षोम के कारण शीतलहर का खतरा कई जिलों में बढ़ सकता हैं।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 48763 date 23.12.2024, I, SONY KUMARI RAUT, wife of Jaiky Raut, aged about 33 Years by faith Hindu by occupation- Housewife, R/o-156 Railway colony, Padugora, PO- Mahuda, PS-Mahuda, Dist-Dhanbad, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follow:- That, as per my Voter's Identity card, Aadhaar card No. 7978 2583 4936 and also PAN card no, BQVPR4229Q therein my name have been recorded as SONY KUMARI RAUT. 2. That, I am an account holder of Bank of India, Mohuda Branch, having account No. 472210510001881, therein my name has been recorded as SONY KUMARI, and in the NOMINEE column of my said account, therein my father's name has been recorded a GOLAYA ROUT 3. That, though SONY KUMARI RAUT & SONY KUMARI is one and same woman who is myself, but as my actual and correct name is SONY KUMARI RAUT hence in my aforesaid Bank Account, my name should be rectified/corrected as SONY KUMARI RAUT in place of SONY KUMARI and in my said bank account my husband's name should be inserted as JAIKY RAUT (in the nominee column) in place of GOLAYA ROUT. 4. That, I have concealed nothing and there is nothing false statement in it, My photograph affixed herewith, for my proper identification. 5. That, I swear this affidavit to submit it before authority concerned to confirm my name & to make change the name of Nominee, as specifically mentioned hereinabove & needful.


# देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में नववर्ष की तैयारी श्रद्धालुओं के लिए किये गये खास इंतजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** अगले दो दिनों में वर्ष 2025 का आगमन हो जायेगा। नये साल पर देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किये गये हैं, ताकि देवघर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

**एसडीओ ने की थी तैयारी की समीक्षा** : नव वर्ष को लेकर पिछले दिनों मंदिर प्रभारी सह देवघर एसडीओ रवि कुमार के नेतृत्व में एक बैठक की गयी थी। इसमें एसडीओ ने नये साल में मंदिर में उमड़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। उन्होंने कहा था कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका विशेष ख्याल रखा जाये। इसके लिए जवानों और मजिस्ट्रेट की तैनाती का भी निर्देश दिया गया था।



**मंदिर के प्रबंधक ने दी जानकारी** : वहीं बाबा मंदिर में नव वर्ष की तैयारी को लेकर मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त बताते हैं कि आजकल 1 जनवरी को लोग पिकनिक मनाने से ज्यादा मंदिरों में जाते हैं, क्योंकि उनकी यह सोच होती है कि साल के पहले दिन भगवान का आशीर्वाद मिल जाये तो पूरा साल बेहतर जायेगा। इसी सोच के साथ श्रद्धालु देवघर के बैद्यनाथ मंदिर पहुंचते हैं और भोलेनाथ पर जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर जिले के अधिकारी सजग हैं और मंदिर प्रबंधन के लोगों से समन्वय बना कर काम करने का दिशा निर्देश दिया है।

**व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये श्रद्धालु** : वहीं इस संबंध में मंदिर में पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि इंतजाम बेहतर है। जरूरत है व्यवस्था को और भी मजबूत बनाने की, ताकि नये साल में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा करने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। वहीं इस संबंध में नेपाल के काठमांडू से पूजा करने पहुंचीं आरती कुमारी ने कहा कि देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में सिर्फ देश से ही नहीं, बल्कि विदेश से भी लोग आते हैं। इस मंदिर की मान्यता बहुत पुरानी है और यहां पर आकर लोगों को शांति मिलती है। बताते चलें कि नव वर्ष पर लोग खुशियां मनाने के लिए अपने परिवार के साथ विभिन्न पिकनिक स्पॉटों का रूख करते हैं, लेकिन एक वर्ग ऐसा भी है जो नव वर्ष के मौके पर अपने परिवार के साथ मंदिरों में दर्शन करने के लिए जाते हैं और परिवार के लिए सुख और समृद्धि की कामना करते हैं। 1 जनवरी से पहले से ही देवघर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। अब देखने वाली बात होगी कि जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन द्वारा किए गए इंतजाम से श्रद्धालुओं को कितनी राहत मिल पाती है।

# आधुनिक युद्ध

आज के युद्ध के बदलते परिदृश्य में, पारंपरिक सैन्य रणनीतियों और उन्नत तकनीक के बीच की रेखाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं। आर्टीफिशियल इंटैलीजेंस (एआइ) और अन्य उभरती हुई तकनीकों का उदय संघर्ष के साधनों, रणनीति और नैतिक विचारों में क्रांति ला रहा है। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण यूक्रेन द्वारा रूसी हवाई ठिकानों को निशाना बनाने के लिए कम लागत वाले कार्डबोर्ड ड्रोन की तैनाती है, जो दर्शाता है कि कैसे युद्ध के मैदान को नवाचार फिर से परिभाषित कर रहा है, जबकि एआइ सैन्य संदर्भों में निगरानी निर्णय लेने और परिचालन दक्षता को बढ़ाता है। यह महत्वपूर्ण नैतिक दुविधाओं और अस्तित्व संबंधी चिंताओं को भी सामने लाता है। आधुनिक युद्ध में स्वायत्त हथियार प्रणालियों (एडब्ल्यूएस) का एकीकरण युद्ध में एक गहन परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करता है। मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और एआइ-संचालित ग्राऊंड रोबोट सहित ये प्रणालियां मानवीय हस्तक्षेप के बिना लक्ष्यों की पहचान और उन पर हमला कर सकती हैं। उन्नत सैंसर और एआइ एल्गोरिदम से लैस, एडब्ल्यूएस वास्तविक समय में निर्णय लेने की क्षमता और निगरानी को बढ़ाता है और साथ ही मानव कर्मियों के लिए जोखिम को कम करते हुए सटीक हमले करता है। मार्च 2020 में लीबिया में एक भयावह उदाहरण देखने को मिला, जहां कामिकेज ड्रोन ने स्वायत्त रूप से ट्रकों के काफिले को निशाना बनाया और नष्ट कर दिया। प्रभाव पर विस्फोट करने के लिए डिजाइन किये गये इन ड्रोनों ने मानव आदेशों के बिना हमले को अंजाम दिया, जो ऐसी तकनीकों की नैतिक जटिलताओं को रेखांकित करता है। ड्रोन तकनीक का झुंड एक और गेम-चेंजर है। एआइ का उपयोग करके, कई ड्रोन रक्षा को खत्म करने या खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए सहजता से समन्वय कर सकते हैं। रूसी हवाई क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाने के लिए यूक्रेन द्वारा सस्ते कार्ड बोर्ड ड्रोन का उपयोग कम लागत वाले, सुलभ सैन्य नवाचारों की विध्वंसक शक्ति को उजागर करता है। चीन का लक्ष्य 2030 तक एआइ उन्नति के लिए 150 बिलियन डालर आबंटित करना है, जबकि रूस ने 2021 और 2023 के बीच 181 मिलियन डालर का निवेश किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, एआइ से संबंधित संघीय अनुबंधों का मूल्य अगस्त 2022 में 355 मिलियन डालर से बढ़कर अगस्त 2023 तक 4.6 बिलियन डालर हो गया। यूनाइटेड किंगडम ने यूक्रेन की सहायता के लिए ड्रोन और राडार के लिए अतिरिक्त 155 मिलियन डालर देने का वादा किया और सऊदी अरब ने 40 बिलियन डालर एआइ निवेश कोष की योजना का अनावरण किया। तुलनात्मक रूप से भारत सैन्य उपयोग के लिए एआइ में मात्र 50-60 मिलियन अमेरिकी डालर का निवेश कर रहा है।

**चीन का लक्ष्य 2030 तक एआइ उन्नति के लिए 150 बिलियन डालर आबंटित करना है, जबकि रूस ने 2021 और 2023 के बीच 181 मिलियन डालर का निवेश किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका में एआइ से संबंधित संघीय अनुबंधों का मूल्य अगस्त 2022 में 355 मिलियन डालर से बढ़कर अगस्त 2023 तक 4.6 बिलियन डालर हो गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा एक बेहतर भारत के लिए अपनी उम्मीद को जीवित रखा। भारत जैसे बड़े आकार के देश को संकीर्ण दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। वास्तव में, भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण क्षेत्र को अदूरदर्शी दृष्टिकोण से देखना एक बहुत बड़ा अन्याय है। वाजपेयी की दृष्टि ने हमें ऐसी बाधाओं को पार करने और अपने देश की क्षमता को अपनाने के लिए प्रेरित किया। लोकतंत्र का वीरतापूर्ण सार, इसके महान सिद्धांत, समावेशी प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल के वर्गीकरण के माध्यम से कायम रखा जाता है।**

# वाजपेयी की भावना के साथ कल के भारत की ओर देखें

**हरि जयसिंह**

2024 मिश्रित भावनाओं के साथ समाप्त हो रहा है, हम आशा और आशावाद के साथ नये साल 2025 की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जबकि केंद्रीय नेतृत्व देश की कुछ ज्वलंत समस्याओं के उत्तर खोजने के लिए अंधेरे में टटोल रहा होगा, मुझे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद आ रही है, क्योंकि देश ने इस क्रिसमस पर उनका जन्मदिन मनाया। हर साल, इसी दिन, भारत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के सम्मान में सुशासन दिवस मनाता है, जिसे सुशासन दिवस के रूप में भी जाना जाता है। यह दिन सरकारी जवाबदेही और लोगों की जरूरतों के प्रति शासन को अधिक उत्तरदायी बनाने पर केंद्रित है। यह वर्ष विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वाजपेयी के जन्म की 100वीं वर्षगांठ है। अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा एक बेहतर भारत के लिए अपनी उम्मीद को जीवित रखा। भारत जैसे बड़े आकार के देश को संकीर्ण दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। वास्तव में, भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण क्षेत्र को अदूरदर्शी दृष्टिकोण से देखना एक बहुत बड़ा अन्याय है।

वाजपेयी की दृष्टि ने हमें ऐसी बाधाओं को पार करने और अपने देश की क्षमता को अपनाने के लिए प्रेरित किया। लोकतंत्र का वीरतापूर्ण सार , इसके महान सिद्धांत, समावेशी प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल के वर्गीकरण के माध्यम से कायम रखा जाता है। इस लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर, राजनीतिक गुट अपने आदर्शों को व्यक्त करते हुए माध्यम के रूप में काम करते हैं। अलग-अलग विचारधारा वाले बैनर लेकर अलग-अलग पार्टियां राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करती हैं, और लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर इन विचारधाराओं को समाहित करने में उनकी सफलता अक्सर उनकी दीर्घायु निर्धारित करती है।भारतीय लोकतंत्र विचारधाराओं के इस संगम का उदाहरण है, जिनमें से प्रत्येक प्रमुखता और कद के लिए होड़ करता है। कई गुट, जो कभी प्रासंगिकता की तलाश में जोरदार थे, गायब हो गये हैं, लेकिन उनके पीछे नगण्य संख्या ही बची है। फिर भी, कुछ एक सदी से भी ज्यादा समय तक टिके रहे हैं। उदाहरण के लिए कांग्रेस पार्टी का जन्म औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ देश को एकजुट करने के जोश से हुआ था और इसमें महात्मा गांधी, नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, डॉ मनमोहन सिंह, प्रणब मुखर्जी और अन्य जैसे नेता रहे हैं, जिनका देश के कल्याण में योगदान सराहनीय है।

**आज जरूरत इस बात की है कि भारतीय राजनीति की बदलती मजबूरियों और जरूरतों के लिए नये जवाब तलाशे जायें।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विकास इसके बिल्कुल विपरीत रहा। यह राजनीतिक क्षेत्र में पैर जमाने के लिए किये गये कठोर प्रयासों की विशेषता थी, जिसने अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं को गढ़ा। वाजपेयी ने पार्टी को एक मान्यता प्राप्त राजनीतिक इकाई के रूप में स्थापित किया। अपनी स्पष्टता और काव्यात्मक भाषण के लिए जाने जाने वाले वाजपेयी की आवाज 1957 में अपने संसदीय चुनाव के बाद से लोगों की आकांक्षाओं के अवतार के रूप में गूंजती रही।

आपातकाल के कठिन समय के दौरान, वाजपेयी का कद बढ़ा और वे एक दुर्लभ दृढ़ विश्वास वाले नेता के रूप में पहचाने जाने लगे। इस अवधि में राजनीतिक एकीकरण की आवश्यकता थी जिसकी परिणति जनता पार्टी के गठन में हुई। उस समय के अत्याचारी शासन के खिलाफ एक साहसिक रुख, जिसमें वाजपेयी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। केंद्रीय नेतृत्व के पास शक्ति की कोई कमी नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अमरीकी और फ्रांसीसी राष्ट्रपतियों से अधिक शक्तिशाली हैं। फिर भी, चीजें गड़बड़ हो जाती हैं या वांछित दिशा में आगे नहीं बढ़ती हैं। हमें वांछित दिशा की तलाश करनी होगी। मुझे वह दौर अच्छी तरह याद है जब अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय मामलों के शीर्ष पर थे। उन्होंने कभी भी शासन तंत्र पर नेताओं की कमियों के लिए संदेह नहीं किया। इसका मतलब यह नहीं है कि हमें मौजूदा प्रणाली की गहन जांच नहीं करनी चाहिए। हमें आज की संसदीय प्रणाली की छाया में चल रही हर चीज की लगातार और स्पष्ट समीक्षा करनी चाहिए। हालांकि, वाजपेयी की निगाह हमेशा आम नागरिकों पर टिकी रहती थी, जिन्हें वे अपना सबसे बड़ा दायित्व और चिंता मानते थे। उनका चरित्र महान डिजाइनों का था। वे हमेशा बड़ा सोचते थे और बड़ा काम करते थे। मैंने हमेशा अटलजी को एक सार्थक व्यक्ति पाया है। इसलिए, जो जरूरी है वह सरकार का स्वरूप नहीं बल्कि उसका सार है।

अटलजी से मेरी कई बार बातचीत हुई, जो हमेशा मानते थे कि मौजूदा प्रणाली प्रभावी ढंग से काम कर सकती है। हालांकि, पार्टी और व्यक्तिगत हितों से पहले राष्ट्र को रखना महत्वपूर्ण है। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने बहुत कुछ करने की इच्छा जतायी। आज जरूरत इस बात की है कि भारतीय राजनीति की बदलती मजबूरियों और जरूरतों के लिए नये जवाब तलाशे जायें। अब समय आ गया है कि हम देश के गरीब नागरिकों की समस्याओं से निपटने के लिए बड़ा सोचें और बड़ा काम करें। वाजपेयी की देशभक्ति और काव्यात्मक वाकपटुता अक्सर संसद में दिखायी देती थी, जो उनके दृढ़ विश्वास की गहराई और उनकी दूरदर्शिता की व्यापकता को प्रकट करती थी। उनकी कविताओं में भारत की चुनौतियों और सांस्कृतिक सद्भाव के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में गहरी जागरूकता झलकती थी। इस राजनेता ने पारंपरिक राजनीतिक सीमाओं को पार करते हुए एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया, जिसने अपना कार्यकाल पूरा किया और ऐसे नेतृत्व का उदाहरण पेश किया जो सत्ता नहीं, बल्कि अपने लोगों के दिलों की तलाश करता है।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अमरीकी और फ्रांसीसी राष्ट्रपतियों से अधिक शक्तिशाली हैं। फिर भी, चीजें गड़बड़ हो जाती हैं या वांछित दिशा में आगे नहीं बढ़ती हैं। हमें वांछित दिशा की तलाश करनी होगी। मुझे वह दौर अच्छी तरह याद है, जब अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय मामलों के शीर्ष पर थे।**

## देश-विदेश की खबरें

# जहरीली गैस से दम घुटने से चार की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दहेज/ गुजरात।** गुजरात में भरूच के इंडस्ट्रियल एरिया दहेज की जीएफएल कंपनी में जहरीली गैस रिसाव से चार मजदूरों की मौत हो गयी। हादसा कंपनी के उटर प्लांट में रविवार तड़के हुआ।

कंपनी से मिली जानकारी के मुताबिक, सीएमएस प्लांट के वाल्व में लीकेज हो गया था, जिसकी चपेट में चार कर्मचारी आ गये। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मजदूरों की मौत हो गयी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**वॉल्व के पास ही काम कर रहे थे कर्मचारी**

कल रात लगभग 9:30 बजे जीएफएल कंपनी के प्रोडक्शन विभाग में क्लोरो मिथाइल प्लांट के ग्राउंड फ्लोर में मिथाइल क्लोराइड, सीटी क्लोरोफॉर्म और एचसीएल वेपर नाम की गैस दो गैस पाइपलाइनों से गुजारी जा रही थीं। इसी दौरान वाल्व में रिसाव हो गया। लीकेज के पास ही चार कर्मचारी कुछ काम कर रहे थे। गैस के असर से चारों बेहोश हो गये। चारों को मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान चारों की मौत हो गयी।



**मृतकों के परिजनों को 25 लाख का मुआवजा: जीएम**

जीएफएल कंपनी के उपमहाप्रबंधक जिग्नेश परमार ने घटना के बारे में कहा कि कंपनी में कल रात एक दुखद घटना घटी, जिसमें कंपनी के एक और तीन ठेका श्रमिकों की मौत हो गयी। चारों मृतकों के परिवारों को फिलहाल 25-25 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा प्रशासनिक व्यवस्था द्वारा निर्धारित सहायता राशि भी दी जायेगी। हादसा कैसा हुआ, इसकी भी जांच करवायी जा रही है।

**हादसे में जान गंवाने वाले कर्मियों के नाम**

- सुचितकुमार सुग्रीम प्रसाद, भरूच
- राजेशकुमार सुरेशचंद्र मैग्नाडिया, भरूच
- महेश नंदलाल, सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)
- मुद्रिका ठाकोर प्रसाद यादव, (झारखंड)

# वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ प्रदर्शन 5वें दिन जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रियासी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ बंद रविवार को 5वें दिन भी जारी है। 18 प्रदर्शनकारियों को कटरा पुलिस ने 3 दिन पहले गिरफ्तार किया था, जिनकी रिहाई की मांग के लिए 5 अन्य प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर बैठ गये।

जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया है और प्रशासन से बातचीत के जरिए मुद्दे को सुलझाने की बात कही है।

इस बीच, डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए कहा कि रोपवे प्रोजेक्ट का फैसला गलत है। यदि कटरा के लोग रोपवे परियोजना नहीं चाहते हैं, तो श्राइन बोर्ड और एलजी को उनकी बात सुननी चाहिए और समस्याएं हल करनी चाहिए, क्योंकि इससे 40 हजार लोगों का रोजगार छिन जायेगा।




दरअसल, वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं के मंदिर जाने के लिए कटरा में ताराकोट मार्ग और सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से रोपवे का निर्माण करवा रहा है।

अभी तक वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं को खच्चर और पालकीवाले ही मंदिर दर्शन कराने ले जाते हैं। ये उनके कमाई का जरिया है। इसलिए वे रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं।

**प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, 18 लोग गिरफ्तार**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कटरा पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने लाठीचार्ज भी किया। इसी कारण हमने 72 घंटे बंद को बढ़ाया है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री जुगल शर्मा भी प्रदर्शनकारियों के समर्थन में आये।

**जनवरी तक प्रोजेक्ट काम पूरा हो जायेगा : उप राज्यपाल**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने निर्माणाधीन जम्मू तवी रिवरफ्रंट परियोजना के स्थल का दौरा किया था। उन्होंने कहा था- 90% काम पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि यह जनवरी तक पूरा हो जायेगा। कटरा में चल रहे विरोध प्रदर्शन पर उन्होंने कहा था कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा घोषित रोपवे परियोजना का उद्देश्य तीर्थयात्रियों के लिए तेज और सुरक्षित यात्रा प्रदान करना है।

**प्रदर्शनकारी 20 लाख मुआवजा मांग रहे**

रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ चले प्रदर्शन में मजदूर संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह जामवाल और शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष मनीष साहनी भी शामिल हुए थे। उन्होंने रोपवे प्रोजेक्ट से प्रभावित होने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए 20 लाख का मुआवजा देने की मांग की थी। साथ ही प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वास प्लान बनाने के लिए भी कहा था।

# अभ्यर्थियों ने बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग की

**पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोका**

**पीके बोले- छात्रों से डरकर सीएम दिल्ली भागे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार लोकसेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को पूरी तरह से रद्द कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पटना के गांधी मैदान में सुबह से जुटे। जिला प्रशासन से परमिशन नहीं मिलने के बाद भी बड़ी संख्या में कैंडिडेट्स गांधी जी की मूर्ति के सामने धरने पर बैठ गए। इसके बाद शाम पांच बजे छात्र सीएम आवास तक मार्च के गांधी मैदान से निकल गए। हालांकि, पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उनको रोक लिया। जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) भी अभ्यर्थियों का साथ देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार को झुकाने के लिए लंबी लड़ाई लड़नी होगी। सीएम छात्रों से डर कर दिल्ली भाग गये हैं।



## विरोध की वजह

बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 13 दिसंबर को बिहार के 912 सेंटरों पर हुई थी। पटना के बापू परीक्षा परिसर में अभ्यर्थियों ने धांधली का आरोप लगाया था। इसके बाद बापू परीक्षा सेंटर की परीक्षा रद्द कर दी गयी थी। आयोग ने 4 जनवरी को एक सेंटर पर फिर से एग्जाम लेने का नोटिफिकेशन निकाला। अभ्यर्थी लगातार मांग कर रहे हैं कि बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा फिर से हो। इसको लेकर अभ्यर्थी गर्दनीबाग पर धरना दे रहे हैं।

# बेंगलुरु में टेक्निकल एक्सपर्ट से 1.3 करोड़ रुपये की ठगी

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** बेंगलुरु में एक टेक्निकल एक्सपर्ट 1.3 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार हो गया। आरोपियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर टेक्निकल एक्सपर्ट को पहले ट्रेडिंग की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी। छोटी रकम का मुनाफा देकर उसे भरोसे में लिया। बाद में उससे बड़ी रकम लेकर गायब हो गये। आरोपियों ने यह सब एक टेलीग्राम ग्रुप के जरिए किया। बाद में इसे डिलीट कर दिया। पुलिस ने टेक्निकल एक्सपर्ट की शिकायत पर आइटी एक्ट के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। यह घोटाला तब शुरू हुआ जब इस शख्स को एक टेलीग्राम ग्रुप के बारे में बताया गया। इस ग्रुप को सुरेंद्र कुमार दुबे नाम के एक व्यक्ति ने बनाया था। सुरेंद्र खुद को ट्रेडिंग लीडर बताता था। ग्रुप में लगभग 60 मेंबर थे।

# अजरबैजान ने रूस पर प्लेन पर फायरिंग का लगाया आरोप

**एजेंसी**

**अस्ताना।** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव का कहना है कि 25 दिसंबर को कजाकिस्तान में प्लेन क्रैश से पहले रूस ने इस पर गोली चलाई थी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक रविवार को अजरबैजान के राष्ट्रपति ने मॉस्को पर प्लेन क्रैश की असल वजह छिपाने का आरोप लगाया। उन्होंने पुतिन से अपनी गलती स्वीकार करने की मांग की है।

अजरबैजान के सरकारी टेलीविजन के मुताबिक राष्ट्रपति अलीयेव ने कहा 'हमें इस बात का अफसोस है कि रूस में कुछ हलकों ने क्रैश को लेकर झूठी कहानियां फैलायी। इन्होंने इस हादसे की सच्चाई को दबाने की कोशिश की है।'



इल्हाम अलीयेव ने आगे कहा कि रूस ने इसे लेकर ऐसी थ्योरीज गढ़ी, जिससे साफ तौर पर पता चलता है कि वो इस मुद्दे को दबाना चाहता था। एक ऐसा देश जिसे अजरबैजान में दोस्त माना जाता है, उसे गलती स्वीकार करनी चाहिए थी, माफी मांगनी चाहिए थी और लोगों को इस बारे में जानकारी देनी चाहिए थी।

क्रिसमस के दिन अजरबैजान एयरलाइन का विमान एम्ब्रेयर 190 क्रैश हो गया था। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हो गयी और 29 लोगों की जान बच गयी। यह प्लेन अजरबैजान की राजधानी बाकू से रूस के ग्रोज्नी जा रहा था, लेकिन इसे कजाकिस्तान के अक्ताउ की तरफ डायवर्ट कर दिया गया था। जहां यह क्रैश हो गया।

**रूस पर क्यों लगा था विमान को क्रैश कराने का इल्जाम?**

रूसी सैन्य ब्लॉगर यूरी पोडोल्याका ने कहा कि विमान के मलबे में देखे गये छेद एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम से हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान से पता चलता है कि प्लेन गलती से किसी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम से टकराया होगा।

# पीलीभीत एनकाउंटर केस में हाइ लेवल जांच की मांग उठी

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** यूपी के पीलीभीत एनकाउंटर में मारे गये तीन पंजाबी युवकों की मौत का मामला गरमा गया है। इस मामले में पंजाब के आम आदमी पार्टी (आप) विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार से संपर्क कर इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करायी जाये, ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके। उधर, यूपी में इस मामले की जांच शुरू हो गयी है। मामले की जांच कर रहे डीएम संजय कुमार ने मृतकों के परिजनों को बयान दर्ज कराने के लिए 15 दिन का समय दिया है। इसके अलावा अगर किसी अन्य व्यक्ति के पास कोई जानकारी है तो वह भी 3 जनवरी तक अपना बयान दर्ज करा सकेगा।

## हाथियों के झुंड ने वृद्ध महिला को कुचल कर मार डाला

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित एकलव्य विद्यालय के समीप खराबर के पास शनिवार की देर शाम हाथियों के झुंड ने वृद्ध महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है। जिसकी पहचान भंडरिया गांव निवासी मनिचर कोरवा की 70 वर्षीय पत्नी भागमणि देवी के रूप में किया गया है। सूचना के आधार पर भंडरिया थाने के सब इंस्पेक्टर दीलीप कुमार के नेतृत्व में भंडरिया पुलिस अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली और अंत्परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। वहीं वन विभाग के वनरक्षी कमलेश कुमार, रोशन, तुषार, आनंद, अंकित घटनास्थल पर पहुंचे तथा घटना की जायजा लेते हुए मृतक के बड़े पुत्र सीगन कोरवा को तत्काल सहायता राशि के रूप में 50000 रुपये नगद प्रदान किया तथा सरकार से मिलने वाले सरकारी मुआवजे समय पर दिल देने का आश्वासन दिया।

# सांसद ने किया मेडिकल किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मेडिकल किट घर-घर में होना चाहिए : सांसद वीडी राम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से चलाये जा रहे सात दिवसीय जन कल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत चौथे दिन शनिवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मेडिकल किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत ट्रस्ट के निदेशक डॉ पातंजली केशरी सहित अन्य लोगों ने विभिन्न स्कूलों में मेडिकल किट बॉक्स का वितरण किया।

उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बेहतर सेवा कार्य किया जा रहा है। इससे समाज के जरूरतमंदों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु मेडिकल किट घर-घर में होना चाहिए। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर आपातकालीन स्थिति में मेडिकल किट बॉक्स से प्राथमिक उपचार कर मरीज की जान बचायी जा सकती है।

भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने कहा कि फर्स्ट एंड बॉक्स से तत्काल उपचार में मदद मिलती है। डॉक्टर पातंजलि केशरी की ओर से किया जा रहा कार्य प्रशंसनीय है। अचानक बिगड़ती स्थिति को संभालते समय फर्स्ट एड ही काम आता है। डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ की जिंदगी में फर्स्ट एड बॉक्स का महत्व बढ़ गया है। घर हो या स्कूल, बैंक के अलावा विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों में फर्स्ट एड बॉक्स होना आवश्यक है ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत उपचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि फर्स्ट एड बॉक्स कार्यस्थल के हिसाब से रखना बेहतर है। फर्स्ट एड बॉक्स को समय-समय पर अपटूडेट भी करते रहना चाहिए। मौके पर डॉक्टर अब्दुल मन्नान, डॉक्टर इश्तियाक रजा, दामोदर राम, डॉक्टर आदित्य प्रकाश, मोहम्मद जावेद, वतन केशरी, शुभम रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# ब्राह्मण समाज के लोगों ने किया विधायक सत्येंद्र का पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ब्राह्मण समाज के लोगों ने रविवार को स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के खिलाफ आक्रोश मार्च और उनका पुतला दहन किया। समाज के लोगों ने टाउन हॉल के मैदान से चिनियां मोड होते हुए रंका मोड़ के बीच खुब नारेबाजी की, वहीं रंका मोड़ पहुंचने के बाद आक्रोश मार्च सभा मे तब्दील हो गयी और उसके बाद पुतला दहन किया।

आक्रोश यात्रा में समाज के लोगों ने स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। उक्त लोगों ने कहा कि ब्राह्मण समाज के साथ उनकी बेटी- बहन के लिए अभद्र शब्द का प्रयोग किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जहां चुनाव से पूर्व बेटी, रोटी की इज्जत और सुरक्षा की बात कर रहे थे, अब दुसरे की बेटी के इज्जत को तार-तार कर रहे हैं।

इस कुकृत्य के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए अन्यथा आगे समाज अपनी नयी योजना बनाकर चरणबद्ध आंदोलन करने पर विचार करेगी। उक्त कार्यक्रम में परेश तिवारी, नीरज तिवारी, कार्तिक पांडेय, मनोज तिवारी, मयंक द्विवेदी, टुनटुन दुबे, हिमांशु दुबे, रितेश तिवारी, रविंद्र तिवारी,अजय उपाध्याय, जितेंद्र दुबे, नवीन तिवारी, राजेश चौबे, संदीप दुबे, दीपक कुमार चौबे, नूतन चौबे, अमित पांडे, आशुतोष पांडे, निशांत, वल्लभ चौबे, बाबू चौबे, प्रियांसू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## निर्माण समिति का गठन, रामप्रीत बने अध्यक्ष



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पढ़ुआ गांव में चंद्रवंशी समाज की एक बैठक हुई जिसमें विचार विमर्श के बाद गांव में ही जरासंध भवन बनाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए निर्माण समिति का गठन किया गया, जिसमें रामप्रीत राम को अध्यक्ष, छोटन कुमार को सचिव, मनोज कुमार राम को उप सचिव, संजय कुमार को कोषाध्यक्ष, संजय कुमार को उप कोषाध्यक्ष, रोहित राम को उपाध्यक्ष, रौशन कुमार राज को मिडिया प्रभारी, रमेश राम को सूचना मंत्री तथा सदस्य के रूप में नरेश राम, राकेश राम, किशोर राम आदि को बनाया गया है साथ ही 11 लोगों को निगरानी समिति का मेंबर बनाया गया है।

## 700 जायरीन अजमेर के लिए रवाना



रंका (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री सह झामुमो केंद्रीय महासचिव मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से रंका प्रखंड के 700 (लगभग) अजमेर जा रहे जायरीनों को इस्तकबाल किया गया और 8 बस में जलपान देकर रवाना किया गया। साथ ही जायरीनों से देश, राज्य और गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में अमन-चैन शांति हेतु ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती से कामना करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आफताब आलम, रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, सचिव इरफान अंसारी, झामुमो नेता रौशन पाठक सहित अन्य झामुमो नेता मौजूद थे।


## अवैध बालू का उठाव जोरों पर, शमशान घाट को भी नहीं छोड़ा बालू माफिया ने



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। अवैध बालू का उठाव जोरो पर शमशान घाट को भी नहीं छोड़े बालू माफिया। जतपुरा शमशान घाट से अवैध बालू उठाव को लेकर हुआ था खुनी खेल चार लोगों की गयी थी जान, बावजूद शासन प्रशासन मौन है। फिलहाल अमहर खास गांव के बांकी नदी शमशान घाट से अवैध बालू का उठाव अभी भी जोरो पर चल रहा है। पिछले कई वर्षों से बिमार चल रहे 75 वर्षीय कमता गांव निवासी की मौत शनिवार देर शाम हो गयी। मौत के बाद रविवार को अमरहर गांव स्थित बाकि नदी पर अंतिम संस्कार में उपस्थिति सैकड़ों लोग शमशान घाट की स्थिति को देखकर काफी नाराज भी हुए। उपस्थित लोगों ने कहा कि जिस तरह से अवैध रूप से बालू का उठाव जारी है, इससे लगता है कि बाकि नदी का अस्तित्व खतरे में है। और अब वह दिन दूर नहीं होगा, जब यह बरसों पुरानी शमशान घाट नदी में समाहित हो जायेगा। बताते चलें कि अमहर गांव के बाकि नदी स्थित ईस घाट पर कमता, पिपरीखुर्द, कर्णपुरा गांव के लोगों का अंतिम संस्कार इसी घाट पर होता है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बालू उठाव को लेकर जानकारी नहीं है। यदि शमशान घाट से बालू का उठाव किया गया होगा, तो आरोपी के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जायेगा।

# निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, आधुनिक पद्धति से पायें मातृत्व सुख : डॉ कुलदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर हॉस्पिटल के सामने अवस्थित चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर (आईवीएफ कैंप) का आयोजन किया गया। जिसमें अवेटा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, रांची के सुप्रसिद्ध स्त्री, प्रसूति और बांझपन रोग विशेषज्ञा डॉ रूपाश्री पुरुषोत्तम और उनके मेडिकल टीम द्वारा निःशुल्क जांच किया गया। शिविर में लगभग 25 निःसंतान दम्पतियों को निःशुल्क आईवीएफ की जानकारी दी गयी। वैसे दंपति जो विवाह के साल भर बाद भी माता-पिता बनने में असफल रहे हों, पुरुष में शुक्राणु की कमी, महिलाओं में अंडाणु की कमी, नसबंदी के बाद भी मां बनने की इच्छा, अनियमित माहवारी, ल्यूकोरिया, पीसीओडी जैसी समस्या वाले ज्यादातर दंपति शामिल थे। हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि समाज में बांझपन को दूसरे नजरिये से देखा जाता है। खासकर महिलाओं को ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और यही कारण है कि उनका मनोबल कम होते चला जाता है। यहां तक कि रिश्ते टूटने तक भी बात आ जाती है। अब बांझपन अभिशाप नहीं है, बल्कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति से मातृत्व सुख पाया जा सकता है। डॉ रूपाश्री पुरुषोत्तम प्रत्येक महीने 29 तारीख को परामर्श देती हैं। अधिक जानकारी के लिए 9955441987, 6205744015 पर सम्पर्क कर सकते हैं। मौके पर हॉस्पिटल निदेशक डॉ जुली कुमारी, आईवीएफ काउंसलर रूपेश पांडे, मदन कुमार महतो, एएनएम संगीता कुमारी, एएनएम कविता कुमारी, लैब टेक्नीशियन कुलदीप ठाकुर, फार्मासिस्ट राहुल चौधरी आदि उपस्थित थे।

# निर्धारित जनवितरण दुकान से ग्रामीण राशन का उठाव करें : अमित कुमार



भंडरिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने अपने कार्यालय में एक प्रेस वार्ता कर बताया कि भंडरिया प्रखंड के बिजका गांव में गुलाब स्वयं सहायता समूह के द्वारा जन वितरण प्रणाली के दुकान में चलाया जा रहा था, जो कुछ दिन के बाद बीमार रहने कारण लिखित आवेदन देकर अवकाश में चले गयी। अवकाश में जाने के बाद गुलाब स्वयं सहायता समूह जन वितरण प्रणाली का अनाज पूर्व अंचल पदाधिकारी सह यमो के द्वारा 18.4.2023 और 3.7.2023 मई और जून माह का सतर्कता समीक्षा के द्वारा जन वितरण प्रणाली अनाज का वितरण कराया गया। जिसके बाद गुलाब स्वयं सहायता समूह का जन वितरण प्रणाली का दुकान तिहारो जन वितरण प्रणाली के दुकान में टैग किया गया है। जिसमें तिहारो गांव में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के प्रोपराइटर ईश्वर दयाल के द्वारा गुलाब स्वयं सहायता समूह के कार्ड धारी को सूचित कराया गया था कि तिहारो जन वितरण प्रणाली के दुकान से अनाज उठाव आप लोगों को करना है, लेकिन 219 कार्ड धारी में 145 कार्ड धारी का तिहारो जन वितरण प्रणाली के दुकान से अंगूठा लगाकर राशन का उठाव किया जा रहा है। शेष कार्ड धारी के द्वारा अभी तक उठाव नहीं किया गया है। इसी के आलोक में 5.12.2024 को विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के द्वारा भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के सभागार में एक बैठक आहूत की गयी थी। जिसमें विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलबी कलामुद्दीन अंसारी और एजीएम मोसेस किसपोटा के द्वारा निष्पादन करते हुए जन वितरण प्रणाली का खाद्यान्न उठाव कार्ड धारी को निर्देश दिया गया था। लेकिन अभी तक शेष कार्ड धारी ने खाद्यान्न का उठाव नहीं किया गया है। इधर भंडरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि डीलर को चेंज करने के लिए कार्ड धारी का ऑनलाइन आवेदन करना होगा। तभी डीलर को चेंज किया जा सकता है। तब तक कार्डधारी इस जन वितरण प्रणाली के दुकान से उठाव करें।

# तैबा हॉस्पिटल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन, 26 यूनिट रक्त एकत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहर के मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल में रविवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर यासीन अंसारी फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित शिविर में 26 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन हॉस्पिटल का संस्थापक डॉक्टर यासीन अंसारी, निदेशक डॉक्टर अरशद अंसारी, डॉक्टर माहेरू यमानी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। आधुनिक युग में रक्त बनाने की कोई मशीन नहीं है। इसलिए रक्तदान की महता और भी बढ़ जाती है। अस्पताल के निदेशक डॉ अरशद अंसारी ने रक्तदान के प्रति बढ़ती जागरूकता पर खुशी जतायी और कहा कि लोगों को रक्तदान के महत्व को समझना चाहिए। डॉ माहेरू यमानी ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को रक्तदान के लिए प्रेरित होना चाहिए। ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में डॉ यासीन अंसारी, डॉ अरशद अंसारी, डॉ माहेरू यमानी के अतिरिक्त शिक्षक बनारसी मिश्रा, विनोद पाठक, अद्या शंकर पांडे, डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, प्रोफेसर कवि अंसारी और मोटीवेटर अशफाक सहित कई गणमान्य लोक उपस्थित थे। रक्तदान करने वालों में रत्नेश तिवारी, निहाल अहमद, अमित, अंकित दुबे, दीपक ठाकुर, शहजाद अहमद, जय भारती, अफरोज खान, औरंगजेब, चांदनी चौधरी, राजकुमार मिश्रा सहित 26 लोगों ने रक्तदान किया।

## मनीष गुप्ता बने हिंदू एकता मंच के मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष

मझिआंव (आजाद सिपाही )। मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कोयल नदी तट के किनारे स्थित मां काली मंदिर के परिसर में हिंदू एकता मंच के प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हिंदू एकता मंच का प्रखंड अध्यक्ष मनीष गुप्ता को, उपाध्यक्ष चंदन सिंह और टुकु कमलापुरी को, प्रखंड महामंत्री पिंटू चंद्रवंशी, मंत्री प्रिंस सोनी और शिवम गुप्ता, अखाड़ा प्रमुख दीपक माली और ओमप्रकाश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी बंटी मालाकार तथा आनंद गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड कमेटी के संरक्षक के रूप में मारुत नंदन सोनी, अभिमन्यु सिंह तथा शिवनारायण कमलापुरी का नाम चयन किया गया।

## लायंस ऑसम और मिलाप मेडिकल सेंटर ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया




धुरकी। धुरकी प्रखंड के टाटीदीरी गांव में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम और मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ महजबीं, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शमशेर सिंह और जनरल फिजिशियन डॉ असजद अंसारी द्वारा मरीजों की जांच किया गया। इस शिविर में कुल 205 मरीजों का जांच किया गया। इस अवसर पर मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ जांच, खून जांच और निः शुल्क दवा वितरण किया गया। इस मौके पर मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर डॉ असजद अंसारी ने कहा कि टाटीदीरी गांव में शिविर का आयोजन करने का उद्देश्य यहां के लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ महजबीं ने कहा कि स्त्रियों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं सप्ताह में ज्यादातर दिनों को 30-60 मिनट के लिए मध्यम-तीव्रता वाला व्यायाम करें। इससे नींद अच्छी आती है, ऊर्जा बढ़ती है, और वजन नियंत्रित रहता है। पौष्टिक आहार लें। प्रोटीन, विटामिन, खनिज, और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आहार लें। सीजनल फल और सब्ज़ियां, पत्तेदार साग, जामुन, शकरकंद, ब्राउन राइस, क्विनोआ, टोफू, और बीन्स खाएं। दूध, दही, और पनीर से कैल्शियम लें। पर्याप्त नींद लें। घरेलू कामकाज के बाद पर्याप्त नींद लें। डॉ से नियमित जांच करवाएं। इस मौके पर सलीम अंसारी, विनोद, यूसुफ अंसारी, चंद्रशेखर, चांदनी यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पनघटवा डैम का पिकनिक स्पॉट का दर्जा मिले कई वर्ष गुजर गये, लेकिन अब तक विकसित नहीं हुआ

**स्थानीय लोगों और पर्यटकों के द्वारा पिछले कई वर्षो से इसे विकसित करने व नौका विहार के लिए वोट शुरू की किया जा रहा मांग**

जितेंद्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रकृति ने झारखंड राज्य के साथ-साथ गढ़वा जिला को को अपार सुंदरता से नवाजा है। वही जहां एक तरफ ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और बड़े-बड़े पेड़ों से आच्छादित जंगल हैं। कल-कल करते झरने हैं तो दूसरी तरफ बड़े-बड़े डैम हैं। लेकिन अफसोस की बात यह है कि सरकार ने राज्य में पर्यटन के दृष्टिकोण से कई जगहों पर ध्यान दिया है। वही अभी भी कई पर्यटक स्थल अनजान बना हुआ हैं। गढ़वा जिला के पश्चिम दिशा में डंडई व धुरकी प्रखंड के सीमा पर अवस्थित पनघटवा डैम अब तक विकसित नहीं हो पाया है। उक्त डैम को पर्यटन स्थल का दर्जा मिले तो कई वर्ष गुजर गए। लेकिन अभी तक विभाग के द्वारा उक्त डैम को विकसित नहीं किया जा सका है। प्राकृतिक के गोद में बसा पनघटवा डैम जिले के प्रमुख डैमों में से एक है और इसकी खूबसूरती और सौंदर्य को बढ़ाने के लिए स्थानीय लोगों और पर्यटकों के द्वारा पिछले कई वर्षो से इसे विकसित करने की मांग किया जा रहा है। नव वर्ष के आगमन पर पिकनिक के लिए डैम पहुंचे पर्यटको ने बताया कि इस डैम को विकसित कर नौका विहार के लिए मोटर बोट,स्पीड बोट, क्वॉड बोट,पैंडल बोट जैसी सुविधाए के साथ नौका विहार के दौरान सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट की व्यवस्था हो जाए तो पर्यटकों के सुविधा के साथ डैम का सुंदरता में और चार चांद लग जाता। वही इससे स्थानीय लोगों का रोजगार का अवसर भी मिल सकता था। स्थानीय ग्रामीण जितेंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि पनघटवा डैम जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है और यहां पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने का अवसर मिलता है।इस डैम को विकसित हो जाने से यहां के लोगों को रोजगार का अवसर भी मिल सकता था। वही रामाशीष प्रसाद ने कहा कि पनघटवा डैम को पर्यटक स्थल का दर्जा तो मिला लेकिन अब तक डैम को विकसित नहीं किया जा सका। अगर पर्यटन विभाग के द्वारा उक्त डैम को विकसित कर दिया जाता तो पर्यटकों के लिए काफी सुविधा होती। ग्रामीण शिव प्रसाद यादव ने कहा कि डंडई व धुरकी प्रखंड के सीमा अवस्थित यह डैम काफी लंबा व चौड़ा में फैला हुआ है।जिसके दोनों तरफ छोटी-छोटी पहाड़ियां सैलानियों को आकर्षित करती हैं। डैम में दूर-दूर तक पानी ही पानी नजर आता है। इस मनोरम दृश्य को देखने के लिए पर्यटकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा राजनेताओं का आना-जाना लगा रहता है। वही पप्पू यादव ने कहा कि डैम को विकसित कर नौका विहार के लिए वोट की सुविधा मिल जाए तो डैम के खूबसूरती और बढ़ जाती। ऐसी साहसिक गतिविधियों से यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर मिलेंगे।

# खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यकः सीजेएम विनोद

**गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग**

**सीपी मेमोरियल और बीपी डीएवी ने अपने-अपने मैच जीते**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 14वें दिन सीपी मेमोरियल स्कूल सहिजना की टीम ने डीएवी मॉडल को आठ विकेट से हराकर, बीपीडीएवी ने ज्ञान निकेतन को 49 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। डीएवी मॉडल पहले खेलते होए प्रिंस के 16 रन के सहयोग से 73 रन बनायें। जबाबी पारी खेलने उतरी सीपी मेमोरियल की टीम ने नीतीश गुप्ता के नाबाद 25 और बिपुल के 11 रन के सहयोग से पांच ओवर में दो विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीपी मेमोरियल के प्रिय राज को दिया गया। दूसरे मैच में बीएनटी संत मेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अक्षम के शानदार 52 रन और अभिनव यादों के 24 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में 148 रन बनाएं। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञानिकेतन कॉन्वेंट स्कूल की टीम ने निर्धारित ओवर में टीम पांच विकेट पर 100 रन ही बना स सकी। बीएनटी संत के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अभिनव यादव को दिया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए गढ़वा जिला के पूर्व कप्तान सह चाईबासा के सीजीएम विनोद कुमार ने कहा कि आप लोग की तरह इस मैदान से खेलते हुए वे आगे बढ़े हैं। जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपना महत्व है। खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उनसे हमारे भीतर अनुशासन और परिश्रम जैसे गुण और सामाजिकता एवं देश प्रेम का भाव उत्पन्न होता है। गढ़वा जिले के पूर्व खिलाड़ी सह चिकित्सक डॉ पंकज प्रभात ने कहा कि खेल हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। हार-जीत की परवाह किए बिना हमें अनुशासित हो प्रतिभागी बनना चाहिए।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## साल के अंतिम रविवार को खूंटी के पर्यटन स्थलों में उमड़ा सैलानियों का सैलाब



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आंग्ल वर्ष के अंतिम रविवार को खूंटी जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पिकनिक का लुफ्त उठानेवाले सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा। पेरवांघाघ, पांडुपुड़िंग, पंचघाघ, रानी फॉल, रेमता डैम, चंचला घाघ, कोरो संगम, स्तधारा सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भीड़ का आलम यह था कि लोगों को अपने दो पहिया और चार पहिया वाहनों को पार्क करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला आदि जगहों के लोग पिकनिक मनाने पहुंचे। पेरवांघाघ में सैलानियों ने बोटिंग का मजा लिया। पर्यटन मित्रों ने यहां देसी बोट का निर्माण किया है। लाइफ जैकेट पहनाकर बोटिंग करायी जाती है। पेरवांघाघ, पांडुपुरिंग आदि पर्यटन स्थल पर पर्यटन मित्र तैनात रहे। वाहनों की पार्किंग से लेकर जलप्रपात तक पर्यटन मित्र तैनात रहे। पांडुपुड़िंग के पर्यटन मित्र कृष्णा बड़ाईक ने बताया कि इस रविवार को साल का सबसे ज्यादा सैलानी पिकनिक के लिए पहुंचे। तोरपा में लगा रहा जाम बड़ी संख्या में वाहनों के आवाजाही के कारण तोरपा में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। पेरवांघाघ, पांडुपुड़िंग, चंचला घाघ तथा सातधारा जाने के लिए वाहनों को तोरपा से होकर ही गुजरना पड़ता है। रविवार को बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन पिकनिक स्थल की ओर हुआ, जिसके कारण तोरपा में जाम लगा रहा। तोरपा के महावीर चौक और कर्रा मोड़ में जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई।

## तोरपा के पास सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के चकला मोड़ के पास रविवार को अर्टिगा और पिक अप वैन के बीच हुई सीधी टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। घायल तीनों लोग अर्टिगा पर सवार थे। घायलों में अनुरंजन तोपनो (32), अजित तोपनो (30) तथा विजय नाग (30) शामिल हैं। अनुरंजन और विजय चक्रधरपुर के तथा अजीत तोपनो बानो के रामजोल का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार तीनों एक अर्टिगा कार से चक्रधरपुर से शादी समारोह में हिस्सा लेने सिमडेगा जा रहे थे। उसी दौरान चकला मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे पिक अप वैन से कार की टक्कर हो गयी। सभी घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल तोरपा में किया गया। अनुरंजन और अजीत को सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया गया।

## सिल्ली में वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली थाना द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे वाहनों के बिना हेलमेट, कागजो की जांच की गयी। चार चक्के वाहन की डिक्की की भी जांच किया गया। जांच अभियान के बाद दो मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने जनता से अपील की है कि लोग स्वेच्छा से जागरूकता का परिचय दे,अच्छे नागरिक बने। हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाए, ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाये। स्पीड से न चलायें। टिरपल राइडिंग न करें। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## भाजपा विधायक मनोज यादव रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में समर्थकों ने किया स्वागत किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बरही भाजपा विधायक मनोज यादव रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में समर्थकों ने पंचवटी होटल में फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कार्यकर्ता की प्रशंसा करते मीडिया बातचीत में कहा हेमंत सरकार चुनावी वादे को पूरा करें, बेरोजगार लोगों रोजगार, विकास कार्य से जोड़े। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की जांच हो, परीक्षा में पारदर्शी बनाये और परीक्षार्थी को न्याय मिले। इस मौके पर जैक सदस्य राधा रमन साहू, मिथुन महतो, पप्पू यादव मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में फूड फेस्टिवल का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में फूड फेस्टिवल कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ॐ, मां शारदे एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर मुख्य अतिथि नगर उंटारी के पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार रवि, विद्यालय अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, सचिव रवि प्रकाश, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि शशिकला, सहसचिव चंदन कुमार, समिति सदस्य शैलेश कुमार अग्रवाल, कृष्णानंद प्रसाद, सुनील कुमार चौबे व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि गणितीय आकृति के अनुसार निर्मित विभिन्न खाद्य व्यंजनों का भैया-बहनों द्वारा निर्माण किया गया। 19 स्टॉलों पर भैया बहनों द्वारा निर्मित आइटम इस प्रकार है- कचौड़ी, बांग्ला निमकी, गुलाब जामुन, फ्रूट सलाद, ब्रेड पकौड़ा, कस्टर्ड, लिट्टी चोखा, दही बड़ा, वेज कटलेट, कांजीबड़ा, सैंडविच, आलूचाप, टिकिया चाट, गुपचुप, दुधौरी, गाजर का हलवा, समोसा, इडली, रोल समोसा। सभी स्टॉलों पर अभिभावक गण पंक्तिबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए फूड आइटमों का लुफ्त ले रहे थे।

# कर्रा में जंगली हाथियों ने फिर ली एक युवक की जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के कर्रा प्रखंड में जंगली हाथियों का खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शायद ही कोई ऐसी रात गुजरती है, जब जंगली हाथी किसी न किसी गांव में जान-माल की क्षति न पहुंचाते हों। इसी क्रम में गजराजों ने कर्रा प्रखंड की छाता पंचायत के केदली गांव में सोहराई उरांव नामक 36 वर्षीय युवक को शनिवार की देर रात सूंढ़ से उठाकर पटक दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल खूंटी ले गये, जहां इलाज के दौरान रपिवार को उसकी मौत हो गयी। सोहराई उरांव के स्वजनों ने बताया कि शनिवार की रात को बूंदाबांदी हो रही थी। सोहराई खलिहान में रखे मड़ुआ को बचाने के लिए तिरपाल ढंकने गया था। अचानक उसका सामना एक जंगली हाथी से हो गया। हाथी ने उसे उठाकर पटक दिया, जसिसे वह गभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा, छाता पंचायत के मुखिया सुखराम मुंडा, वनपाल राकेश कुमार, वनपाल अमर स्वासी, वनरक्षी संबल बड़ाईक, सूरज दास, आशीष कुमार सहित आसपास के ग्राम वन समिति अध्यक्ष केदली गांव पहंचे और मृतक के स्वजनों से मिलकर उन्हें डाड़स बंधाया और वन विभाग के अधिकारियों को घटना की सूना दी। वन विभाग के कर्मचारियों ने गांव पहुंचकर सोहराई उरांव के स्वजनों को त्तकाल सहायता के रूप मे 20 हजार रुपये दिये। विधायक ने किया पटाखों और टॉर्च का वितरण केदल गांव में विधायक राम सूर्या मुंडा ने हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच पटाखों और टॉर्च का वितरण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि किसी भी हाल में हाथियों के निकट न जाएं और उन्हें छेड़े नहीं। उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो रात को घर से बाहर निकलने से बचें। उन्होंने हा कि वे वन विभाग और जिला प्रशासन से मिलकर हाथियों के आतंक से निजात दिलाने और पीडितों को मुआवजा देने की मांग करेंगे।

# सिंङबोंगा की स्तुति से बढ़ती है श्रद्धा-भक्ति : धर्मगुरु बुधराम सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुरहू के बालो गांव में रविवार को सरना धर्म सोतो समिति का ग्यारहवां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। लुथड़ू मुंडा, विश्राम मुंडा और मंगरा बारजो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी। इस अवसर पर धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि सिंङबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच और अहंकार जैसी बुराइयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं। हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम और भाईचारा के साथ रहना चाहिए। सिङबोंगा की स्तुति के साथ मनुष्य, जीव-जंतु और सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है। इस अवसर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरा है।

वे न केवल धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया, बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे। आज हम उसी धर्म-संस्कृति और जल-जंगल-जमीन के संरक्षण के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं। अतः सरना कोड के लिए महापुरुषों से संकल्प लेकर डटकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, मादू बारला, डॉ सीताराम मुंडा, बिरसा कंडीर, करमू हेमरोम, बिरसा तोपनो, चोंगे मुंडा, किरण मुंडा, दुलारी बारला, सुनील गुड़िया, सुमित गुड़िया आदि ने विचार व्यक्त किए।.कार्यक्रम में तोरपा, तपकारा, कमडारा, खूंटी, मुरहू, बंदगांव, गुमला, रांची आदि जगहों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

## गुरुकुल को हरा कर सोनेट बुंडू बना चैंपियन

**खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी में खेली जा रही हैं बी डिवीजन क्रिकेट लीग फाइनल मैच में रविवार को सोनेट बुंडू ने गुरुकुल को 107 रनों से हरा दिया, सोनेट बुंडू पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 ओवर में 191 रन बनाकर ऑलआउट हो गया जिसमें प्रथम ने 35 रन बनाया ओर चंदन ने 33 रन एवं कृष ने 26 रनों का पारी खेला, गुरुकुल के तरफ से चिराग,अनिकेत और रविशन ने 2/2 विकेट लिया, दूसरी पारी खेलने उतरी गुरुकुल टीम ने 24 में 84 रन बनाकर ऑलआउट हो गया जिसमें रोहित गिरी ने 23 रन बनाया एवं अभिनव ने 15 रन बनाया, सोनेट बुंडू के तरफ से मिहिर माही ने 4 विकेट लिया परमेश्वर और चंदन ने 2/2 विकेट लिया जिसमें सोनेट बुंडू के मिहिर माही को मैन ऑफ द मैच का पुस्कार दिया गया।**

## डकरा में बुजुर्ग ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र के डकरा माइनस क्वार्टर निवासी सोहराय साव उम्र करीब 57 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार मृतक सोहराय साव की पत्नी विलोत्मा देवी डकरा रिजनल वर्कशॉप में कार्यरत हैं। सुबह पत्नी के ड्यूटी जाने के बाद सोहराय साव ने घर में ही खुद को पंखे से रस्सी के सहारे झूल गया और आत्महत्या कर लिया। वहीं घटना की सूचना पर आरपीआई अंबेडकर की महिला प्रदेश अध्यक्ष अनिता गंझू और प्रदेश महिला महासचिव रंजना गिरि ने मृतक के घर पहुंच पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया।**

# मुंडारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** करम अखड़ा खूंटी में रविवार को आदिवासी सरना समाज की बैठक पांडेया मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परंपरागत आदिवासी सरना समाज को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही 2025 की जनगणना ठीक से गणना हो सके, इसके लिए समाज को जागरूक करने और जनगणना कॉलम में समाज के लोग निश्चित तौर पर सरना धर्म कोड लिखें, इसके लिए समाज के लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुंडारी भाषा को संविधान की आठवी अनुसूची में शामिल करने की मांग की गयी और समाज के लोगों से अपनी मुंडारी भाषा बोलने की अपील की गयी। बैठक में कुड़मी / कुरमी समुदाय के लोगों को आदिवासी में शामिल करने की मांग का विरोध किया गया और बिरसा कॉलेज खूंटी में बीएड की पढ़ाई शुरू करने की मांग की गयी। बैठक में पड़हा राजा सोमा मुंडा, दुर्गावती ओड़ेया, सेलाय चंद्र मुंडा, जमुना पूर्ति, बिरसा पाहन, जाबोर मुंडा, अनुपम हस्सा, हरि मुंडा, मथुरा कंडीर, दामु मुंडा, बगराय मुंडा, विरेंद्र कुमार सोय, अमृता मुंडा, मोदेस्ता तोपनो, राम मुंडा, सुरजू हस्सा, संदीप हस्सा,कोंता पहान, दुर्गा मुंडा, कुंवर नाग, विमल नाग, सुखु सांगा, चौठा पहान, दुबराज मुंडा, मान सिंह पाहन, सुभाष मानकी, बैजनाथ पाहन, गंदुरा मुंडा सहित समाज के अन्य लोग शामिल थे। बैठक के अंत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर पांच मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।

## विधायक ने अड़की प्रखंड के तीनतिला पंचायत में किया कंबल का वितरण



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के तीनतिला पंचायत के विभिन्न ग्राम राय तोड़ांग, रागनोय, तोड़ांगडीह, रोमबा, बगड़ी, डोल्डा, कड़ा कोसोम में ठंड से बचने हेतु कंबल का वितरण विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल के द्वारा किया गया। मौके पर तीनतीला पंचायत के मुखिया लक्ष्मण मुंडा, बसंत मुंडा, सिंगा मुंडा, सनिका मुंडा, मनय मुंडा, हॉबिल सोय उपस्थित रहे।

## दिव्य ज्योति कलश यात्रा का डाक बंगला में किया गया भव्य स्वागत



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** दिव्य ज्योति कलश यात्रा पूरे भारत में भ्रमण करते हुए रविवार को तमाड़ पहुंची। माताओं बहनों भैया ने गाजा बाजा के साथ रथ का पूजन करते तमाड़ डाकबंगला से स्वागत करते हुए पूरे तमाड़ का भ्रमण कराया गया। जगह-जगह रथ का पूजन गांव के माता-बहनों ने किया। तमाड़ मोदीडीह दुर्गा मंदिर खंडित टोला बजरंग बली मंदिर श्यामचंद मंदिर माझी टोला फिर गायत्री शक्ति पीठ तमाड़ में प्रसाद वितरण के बाद राधा रानी मंदिर तमाड़ दीप यज्ञ कराया गया। इसी कर्म में सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य गण और चतराओ ने रथ का स्वागत कर पूजन किया। रथ को संचालन कर रहे शांति कुंज हरीदौर से आए पुरहितो ने गायत्री मंत्र के बारे बिस्तर पूर्वक बताये उसके बाद संध्या काल में राधा रानी मंदिर में दीप यज्ञ कराया गया। इस पुनीत कार्य में सुखराम सिंह मुंडा़ रघुनाथ साहू परिमल अधिकारी सुमन देवी, पुष्पा देवी रीता, देवी अनपूर्ण देवी, नंदा नायक, अनिमा मल्लिक।

## जैन मुनि सुयश सागर पहुंचे खूंटी जैन धर्मावलंबियों ने किया भव्य स्वागत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुनि सुयशसागर जी महाराज रांची से मंगल विहार होते हुए रविवार को जे खूंटी नगर में मंगल प्रवेश हुआ, जहां खूंटी के जैन धर्मावलंबियों ने पूरे हर्ष उल्लास के साथ गुरुवर का स्वागत किया। इसके लिए नगर में जगह-जगह गुरुवर के स्वागत के लिए तोरणद्वार बनाये गये थे। गुरुवर के भक्तों द्वारा उनके आवास और प्रतिष्ठान के पास उनका पद प्रक्षालन कर आरती उतारी गयी। मुनिराज ने खूंटी नगर में पिपरा टोली, नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक, डाक बंगला रोड, भगत सिंह चौक होते हुए कर्रा रोड पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। ज्ञात हो कि दो वर्ष पूर्व मुनि सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में खूंटी के जैन मंदिर में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया गया था। मुनिराज के साथ सभी भक्तो ने भक्ति भाव और गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते हुए नगर का भ्रमण किया। संध्या में महामंत्र णमोकार चालीसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन समाज के अध्यक्ष शिखर चंद जैन, सचिन रमेश जैन, उपाध्यक्ष श्रीपाल जैन, सह सचिव प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष अरविंद जैन, महिला मंडल अध्यक्ष मीना जैन, सचिन मधु जैन, कोषाध्यक्ष संगीता जैन, युवा सदस्य अमित जैन, मनोज जैन, सौरभ जैन, प्रवीण जैन, अशोक जैन, राजेश जैन, बंटी जैन, राकेश जैन, अमित जैन, रितेश जैन, संजय जैन, विशाल जैन, अंकित जैन, आदि ने योगदान दिया। यह जानकारी समाज के रोहित जैन ने दी।

## एनके क्षेत्र के कांटाघर बंद होने से कोयला ढुलाई ठप, कारोबारियों की बढ़ी परेशानी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय से आयी टीम की जांच में डीजिटाइजर मशीन में माइक्रो चिप को लगाकर वजन में हेराफेरी करने के मामले के उद्देदन के बाद शुक्रवार से डकरा कांटाघर को छोड़ कर एनके एरिया के कांटाघरों को बंद कर दिया गया है। शनिवार को दूसरे दिन कांटा घरों के बंद होने से क्षेत्र से रोड सेल और रेल मार्ग से होने वाली कोयला ढुलाई ठप हो गयी है। वहीं कांटा घरों के बद हो जाने से कोयला ढुलाई कार्य में लगे लोगों के समक्ष काफी परेशानियां खड़ी हो गयी है। कोयला कारोबारियों का कहना है कि कांटा के बंद होने से उनके व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। बंद हुए कांटा घरों से प्रतिदिन कोयला का उठाव कर वजन किया जाता है और रोड सेल के माध्यम से कोयला को बाहर भेजा जाता है। कोयला नहीं भेजने से उन्हे नुकासन हो रहा है। वहीं सीसीएल प्रबंधन पर भी लोग कई सवाल खड़ा कर रहे है। मालुम हो कि मामला स्क्रैप के वजन में की जा रही हेराफेरी से जुड़ा है। सीआइएसएफ की तत्परता से केडीएच कांटाघर में उक्त हेराफेरी का भंडाफोड़ हुआ। जिसके बाद सीसीएल की मुख्यालय से आयी टीम ने कांटाघरों में लगे डीजिटाइजर मशीन की जांच में पाया कि मशीन में वजन के डिस्प्ले को कंट्रोल करने के लिए रिमोट संचालित हैकिंग माइक्रो चिप लगाया गया है। सवाल खड़ा होता है कि माप तोल विभाग झारखंड सरकार के द्वारा डीजिटाइजर मशीन को सील किया जाता है और बिना विभाग की अनुमति के खोला नही जा सकता है, लेकिन रिमोट संचालित माइक्रो चिप के लगाने और इस बड़े घोटाले के पीछे कौन-कौन सी कड़ी काम रही थी यह जांच का विषय है। फिलहाल सीसीएल प्रबंधन ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है। मिले रिमोड कंट्रोल चीफ के बाद कांटाघर को बंद कर दिया गया हैं।

# डकरा में मनाया गया एचएमएस का स्थापना दिवस

## देश के श्रमिक आंदोलन में हिंद मजदूर सभा का अग्रिणी भूमिका रहा है : मुक्तिनाथ गिरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**डकरा।** देश के श्रमिक आंदोलन में हिंद मजदूर सभा का अग्रिणी भूमिका रहा है। यह संगठन प्रबंधन और ट्रेड यूनियन को पक्ष-विपक्ष के रूप में नहीं मानकर उद्योग के विकास के लिए साथ मिलकर काम करने में विश्वास रखती है। इसलिए एचएमएस देश के कई औद्योगिक क्षेत्र में नंबर-वन ट्रेड यूनियन है.उक्त बातें कोयलांचल के वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरी ने कही। वे रविवार को डकरा जनता मजदूर संघ कार्यालय में एचएमएस के 77 वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में इनसे जुड़े कई श्रमिक संगठन काम कर रही है और सभी अपना साकारात्मक योगदान कंपनी के लिए दे रहे हैं। स्थापना दिवस सादगी पूर्ण रूप से मनाया गया। एचएमएस के झारखंड कोषाध्यक्ष सह अध्यक्ष सीसीएल जनता मजदूर संघ कमलेश कुमार सिंह बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद एक स्वतंत्र, स्वालंबी और प्रजातांत्रिक केंद्रीय श्रमिक संगठन की आवश्यकता को महसूस करते हुए बड़े समाजवादी सोंच के नेताओं ने इसका गठन किया। इस संगठन ने हमेशा अपने को सभी राजनीतिक दलों से दूर रखते हुए सिर्फ मजदूरों के कल्याण और उधोग के विकास को प्राथमिकता दी। उन्होनें कहा कि आज का दिन मजदूर और उधोग के सर्वांगीण विकास का शपथ लेने का दिन है। कार्यक्रम को गोल्टेन प्रसाद यादव, बुटन चौहान, गुल्फी देवी ने भी संबोधित किया। इसके पहले कमलेश सिंह ने मुक्तिनाथ गिरी को शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरूआत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को एक मिनट का मौन रख कर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया। दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। अध्क्षता गोल्टेन प्रसाद यादव, संचालन डीपी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन आनंद कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर अजय चौहान, अमिताभ बच्चन, बूटन चौहान, सुधीर कुमार चौहान, ओम प्रकाश शर्मा अमिताभ चौहान, तपेश्वरकुमार यादव, टेकलाल महतो. राजनाथ पहन, शंकर साव, राजेश सिंह, अर्जुन ठाकुर, नबी मियां, कुल्फी देवी, कृष्णा कुमार, बिलासो देवी। बिरजू लोहार, विकास कुमार महतो. विजय कुमार सेठी, अमृत मोची, पवन कुमार, गणेश राम, राजेंद्र साहू, चंद्रभूषण सिंह, रामेश्वर यादव, अजय सिंह, सुनील कुमार, विकास कुमार, शंकर चौहान, संजय कुमार,भुवन भुइयां, जेठू महतो, विनोद मिंज आदि मौजूद थे।

# डकरा में जनता मजदूर संघ कार्यालय में एचएमएस का 77वां स्थापना दिवस मना

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** डकरा स्थित जनता मजदूर संघ कार्यालय में एचएमएस का 77वां स्थापना दिवस समारोह जनता मजदूर संघ एनके एरिया अध्यक्ष गोल्टेन प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। स्थापना दिवस सादगीपूर्ण रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के उपस्थित कोयलांचल के वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरी का एचएमएस के झारखंड कोषाध्यक्ष सह अध्यक्ष सीसीएल जनता मजदूर संघ कमलेश कुमार सिंह ने शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरूआत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को एक मिनट का मौन रख कर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मुक्तिनाथ गिरी ने कहा कि देश के श्रमिक आंदोलन में हिंद मजदूर सभा का अग्रिणी भूमिका रहा है। कार्यक्रम का संचालन डीपी सिंह एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन आनंद कुमार पांडेय ने दिया।

इस अवसर पर अजय चैहान, अमिताभ बच्चन, बूटन चैहान, सुधीर कुमार चैहान, ओम प्रकाश शर्मा, अमिताभ चैहान, तपेश्वर कुमार यादव, टेकलाल महतो, राजनाथ पहन, शंकर साव, राजेश सिंह, अर्जुन ठाकुर, नबी मियां, कुल्फी देवी, कृष्णा कुमार. बिलासो देवी, बिरजू लोहार. विकास कुमार महतो. विजय कुमार सेठी, अमृत मोची. पवन कुमार, गणेश राम, राजेंद्र साहू, चंद्रभूषण सिंह, रामेश्वर यादव, अजय सिंह, सुनील कुमार, विकास कुमार. शंकर चैहान, संजय कुमार,भुवन भुइयां, जेठू महतो, विनोद मिंज मौजूद थे।

# बेड़ो बाजार को मॉडल हाट के रूप में विकसित किया जायेगा : बंधु तिर्की

**बेड़ो बाजार के समग्र विकास के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों, अधिकारियों और समाजसेवियों के साथ शीघ्र ही एक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** दशकों से बगैर सुविधा के संचालित बेड़ो बाजार टांड़ की सब्जी मंडी के दिन बदलने वाले हैं। इसको लेकर कांग्रेसी नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने रविवार को बेड़ो बाजार और सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेड़ो बाजार टांड़ की भौगोलिक और वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। साथ ही शौचालय, सड़क, शेड, पेयजल, बिजली व सब्जी मंडी की स्थिति की जानकारी लिया। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ बेड़ो बाजार टांड़ स्थित सब्जी मंडी के समीप एक बैठक किया। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार को एक मॉडल बाजार के रूप में विकसित किया जायेगा। यहां आवश्यक संसाधन व मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी।

उन्होंने कहा कि रांची जिले के नगड़ी, मखमंदरो, ब्रांबे, हुंटार और बेड़ो प्रमुख हाट हैं, जिसमें बेड़ो बाजार का सब्जी निर्यात के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है। यहां की सब्जियां देश के महानगरों में कलकत्ता, मुंबई सहित अन्य जगहों पर भेजी जाती हैं। यह कृषि बहुल क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार टांड़ का अतिक्रमण हो रहा है। जिससे बेड़ो बाजार दिन ब दिन सिमटता चला रहा है। जो एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार के समग्र विकास के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों, अधिकारियों और समाजसेवियों के साथ शीघ्र ही एक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें व्यापार विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया जायेगा। यहां के व्यापारियों और किसानों के लिए अब सब्जी मंडी और बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे 23 के किनारे रांची जिले की बेड़ो प्रखंड पूरे प्रदेश में सब्जियों के उत्पादन और सब्जी मंडी को लेकर जानी जाती है। वर्षो से यहां हाट एवं सब्जी मंडी लग रही है, लेकिन सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। बाजार व मंडी में बनी शेड जर्जर हो गयी हैं। जिसमें हाट व सब्जी मंडी चल रही है। इस मंडी में रांची,गुमला व लोहरदगा जिले के गांव के सैंकडों सब्जी उत्पादक किसान सब्जी बेचने मंडी आते हैं। मंडी में सुबह से लेकर शाम तक सब्जी का कारोबार होता है। यहां दर्जनों व्यपारी हैं। इनके द्वारा रोजाना लाखों रुपये का कारोबार किया जाता है। जहां बेड़ो के दर्जनों लोग का रोजगार जुड़ा है। मंडी से बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर, कोरबा, झारखंड और ओड़िशा तक ट्रक व पिकअप से भेजी जाती है। इससे किसानों को अच्छी मुनाफा हो जाता है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, पिंकू लाल खन्ना, सोमरा लोहरा, पंचू उरांव, खद्दी उरांव, निर्मल, जयंत लाल खन्ना और शमशाद आदि मौजूद थे।

# इटकी में ग्रामीणों ने डीआरएम और रेल मंत्री का पुतला फूंका

**मौके पर पहुंचे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सोमवार को डीआरएम से मिल कर बात करने का अश्वासन ग्रामीणों को दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन के पास के समपार फाटक पर आसपास के महिलाओं और ग्रामीणों द्वारा रविवार को एक दिनी धरना दिया गया, साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा डीआरएम का पुतला दहन कर मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। इटकी को मांडर से जोड़ने वाली सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को राजमार्ग 75 से जोड़ने वाली सड़क पर पूर्व के जमाने का बना समपार फाटक को खोलने की मांग को लेकर क्षेत्र की ग्रामीणों ने एक दिन ही धरना दिया। सैकड़ों ग्रामीण करीब दिन के एक बजे रेलवे स्टेशन स्थित समपार के पास एकत्र हुए, इसके बाद समपार फाटक के पास धरना दिया और जमकर नारा लगाया। घटनास्थल पर रेलवे पुलिस बल के जवान वर्दी और सादे में उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की लगभग चार बजे धरना स्थल पर पहुंचे और समपार फाटक का मुआयना करने के बाद आदोलनकारियों की समस्याओं को सुनें और मामले को लेकर लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत से मोबाईल से बात की। दोनों नेताओं के बीच विभाग के डीआरएम से मिलने की सहमति बनी। इसके बाद बंधु तिर्की ने सोमवार को डीआरएम से मिलकर बात करने का अश्वासन ग्रामीणों को दिया। और वहां से किसी अर्जेंट कार्य वश वे चले गये। बाद में ग्रामीणों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और डीआरएम का पुतला फुंका और ग्रामीणों ने चेताया कि जब तक समपार फाटक खोली नहीं जाती, तबतक आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि शनिवार को समपार फाटक खोलकर जेसीबी मशीन से गढ्ढा खोदने के लिए विभाग के कर्मी पहुंचे थे जिनको ग्रामीणों ने खदेड़ दिया था, जिससे समपार फाटक घंटों खुला रह गया था। उसके बाद आरपीएफ के अधिकारियों द्वारा रेलवे समपार फाटक को बंद कर दिया था। समपार फाटक खोलने की मांग को लेकर ग्रामीण पिछले दो माह से आंदोलनरत है। ज्ञात हो कि रेलवे विभाग द्वारा आवागमन के लिए दो अंडर पास भी बनाया गया है।

## टेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तिलता में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान गुमला जिले के करकरा गांव निवासी 28 वर्षीय संजय भगत के रूप में हुई। संजय फिलहाल तिलता के एक मकान में कराये में रहकर ट्रैक्टर चलाता था। रविवार की सुबह 7 बजे वह ट्रेक्टर लेकर निकला था। सुबह 8 बजे एक टेलर बीआर 10 GB-9681 की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। उसके सिर में गंभीर चोट आयी थी। मामले को लेकर मृतक की पत्नी ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## कैंबो ग्राम निवासी की रहस्यमय मौत

मांडर (आजाद सिपाही)। मांडर थाना क्षेत्र के कैंबो ग्राम निवासी बबलू उरांव 22 वर्ष पिता सोमरा उरांव को चांहो थाना क्षेत्र के बरहे के पास से ग्रामीणों द्वारा अचेत अवस्था में मांडर रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, घटना शाम लगभग 7:30 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांहो थाना क्षेत्र के आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल के निकट एक ट्रैक्टर खड़ी थी और वह वहीं अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है।

## बिजली की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

मझिआंव (आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरसतिया गांव निवासी सुनेश यादव के 20 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजनों ने आनन-फानन में मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया। जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक विशाल कुमार मिश्रा ने प्राथमिक उपचार किया, वहीं युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर रेफर कर दिया।

## डारविंस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

# अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को नया रूप देते हैं : इंद्र मोहन राय

**निदेशक श्रीकांत कुमार दीक्षित ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा परिवार हर वर्ष बड़ा हो रहा है। बच्चों को शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो इसके लिए हम प्रयासरत हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि बच्चों को पुरस्कृत करते हुए।

**बेड़ो।** प्रखंड के मुरतो गांव स्थित डारविंस पब्लिक स्कूल के परिसर में रविवार को द्वितीय वार्षिकोत्सव सह खेलकूद प्रतियोगिता धूमधाम से मनाया गया। जहां छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। स्कूल के निदेशक श्रीकांत कुमार दीक्षित ने मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर स्वगत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो इंद्र मोहन राय ने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कार ही जीवन को नया रूप देते है। बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। मुझे लगता है कि इन सब गुणों में यह स्कूल सबसे बढ़िया है। जिस तरह स्कूल के छात्रों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे में लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं। यह स्कूल शहरों की तरह बच्चों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दे रही है। वहीं आलोक खन्ना ने कहा बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी है जिससे अच्छे नागरिक का निर्माण हो सके। यह स्कूल शहरों की तरह बच्चों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दे रही है। गांव में अंग्रेजी माध्यम से स्कूल के सफल संचालन के लिए निदेशक को बधाई दी। साथ ही बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

निदेशक श्रीकांत कुमार दीक्षित ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा परिवार हर वर्ष बड़ा हो रहा है। हमारी कोशिश है ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा अलख जगाना। बच्चों को शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो इसके लिए हम प्रयासरत है। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप जलाकर व मां सरस्वती के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर के किया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनुराधा कुमारी ने किया। समारोह को सफल बनाने में पूजा कुमारी, जोहनी विलोंग, सुषमा, नयेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभायी।

# तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल, दो रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** भंडरा और बेड़ो थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम में एक घंटे के अंतराल में हुई तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पहली घटना भंडरा लोहरदगा थाना क्षेत्र के चट्टी नगजुआ पथ पर खवास खिजरी गांव के समीप शनिवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे अज्ञात बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े 40 वर्षीय एक व्यक्ति मनया उरांव को धक्का मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ सुमन ने घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना के सबंध में स्वजनों ने बताया कि घायल मनया अपने गांव में सड़क किनारे खड़ा था कि अचानक एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बाइक के धक्के से व्यक्ति के माथे, पांव और हाथ पर चोटें आयी है।

दूसरी घटना बेड़ो थाना क्षेत्र के हुटार गांव के समीप ट्रैक्टर और बोलरो के टक्कर में प्रखंड के खत्री खटंगा गांव निवासी 20 वर्षीय राहुल कुमार और पाकल मेड़ी निवासी 21 वर्षीय करण कुमार घायल हो गये। वहीं तीसरी घटना बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांची पुल के समीप हुई, जिसमें पैदल अपने घर जा रहे करांची के जराटोली गांव निवासी 25 वर्षीय युवक आफताब अंसारी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे राहगीर और बाइक सवार व्यक्ति बेड़ो घाघरा गांव निवासी 37 वर्षीय सुनील महतो गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें ग्रामीणों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ सुमन ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल आफताब को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# सुपा की टीम ने टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** ब्लैक बुल साल्हन के तत्वावधान में आयोजित टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब सूपा क्लब की टीम ने जीत लिया।

रविवार को साल्हन पतरा मैदान में वाईसीसी साल्हन और सुपा क्लब के बीच फाइनल मैच खेला गया। पहले खेलते हुए सुपा की टीम ने 10 ओवर में 80 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी साल्हन की टीम पूरा विकेट खोकर 50 रन हीं बना सकी। इससे पहले समाजसेवी रंजीत महतो और किशोर मुंडा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया। बाद में विजेता और उपविजेता टीम को नकद राशि और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष सूरज कच्छप, सचिव किशन करमाली, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद कच्छप, संयोजक अजय करमाली आदि का योगदान रहा।

# इटकी के असहाय गरीबों के लिए 1908 कंबल आवंटित


इटकी प्रखंड मुख्यालय में जनप्रतिनिधियों को कंबल देते अधिकारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र के गरीब, असहाय और बीपीएल परिवारों के लिए सहायक निर्देशक समाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा 1908 कंबल आवंटन किया है। प्रखण्ड मुख्यालय द्वारा प्रत्येक पंचायत के मुखिया को 120, पंचायत समिति सदस्य 25, प्रमुख 50, उपप्रमुख 50, विधायक 200 और सांसद को 200 सौ कंबल दिया गया है। जन प्रतिनिधियों को आवंटित कंबल को निर्धारित समय पर अपने अपने क्षेत्र के गरीबों के बीच वितरण करेंगे।

# ओरमांझी में कुरमी उत्थान समिति का कार्यालय खुला



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** रविवार को उकरीद ओरमांझी ठल्र-20 के समीप कुरमी उत्थान समिति का केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन कुरमी उत्थान समिति के मुख्य संरक्षक अमरनाथ चौधरी और अधिवक्ता अंजीत कुमार (संरक्षक) केंद्रीय अध्यक्ष तीर्थ नाथ महतो के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कुरमी उत्थान समिति के महासचिव अलखनाथ महतो, कोषाध्यक्ष कामेश्वर महतो, संगठन मंत्री और वरिष्ठ पदाधिकारी, समिति के सक्रिय सदस्य बालक महतो, भानु प्रताप महतो, सुनील महतो, सिकंदर महतो, अरविंद कुमार, सहदेव महतो, राजेंद्र चौधरी, संतोष महतो, राम लखन महतो, प्रीतम महतो, कृष्णा महतो, असेश्वर महतो, प्रकाश महतो आदि उपस्थित थे।

## कांडी प्रखंड में लोगों ने सुनी मन की बात



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभी शक्ति केंद्रों व बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 117वीं प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रभारी नियुक्त किये गये थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष शशिरंजन दुबे ने पतीला शक्ति केंद्र व रामलला दुबे प्रखंड के कई बूथों पर मन की बात सुनी। वंही प्रखंड के हरिहरपुर गांव में रविवार को मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण गांव की चौक- चौराहा पर बैठ कर ग्रामीणों ने सुनी, जिसमें उन्होंने लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं, इसके अलावा पीएम मोदी ने संविधान पर भी बात की। 117वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं, हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है, हमारे संविधान निमार्ताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है, संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है, यह भारत का संविधान ही है जिसकी वजह से हम सभी इस स्थान पर हैं।

## 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत रपुरा गांव के कॉलोनी टोला में एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा छा गया। मिली सूचना के अनुसार रपूरा गांव के कईल राम 55 वर्ष ने शनिवार की मध्य रात्रि में घर में हीं फांसी के फंदे के सहारे आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में एएसआई दिलीप कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पर परिजनों से अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अनगड़ा के बच्चों ने मारी बाजी

## दो गोल्ड, तीन सिल्वर और दो ब्रॉज पदक जीते

**इस प्रतियोगिता में झारखंड सहित 18 राज्य के कुल 15 सौ बच्चों ने भाग लिया था**


आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** खेल गांव में आयोजित तृतीय भगवान बिरसा मुंडा ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अनगड़ा के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड, तीन सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में स्टार क्लब अनगड़ा, जीपी हाईस्कूल हेसल एवं नवागढ़ स्कूल के बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें रानी कुमारी व आकृति कुमारी ने गोल्ड मेडल, शशि मुंडा, अंकुश कुमार साहू एवं कर्मण्य झा ने सिल्वर एवं मनीष कुमार महतो और आर्यन कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीते।

इस प्रतियोगिता में झारखंड सहित 18 राज्य के कुल 15 सौ बच्चों ने भाग लिया था। मेडल हासिल करने वाले सभी बच्चे स्टार क्लब अनगड़ा के प्रशिक्षु हैं। क्लब के संचालक और मुख्य प्रशिक्षक संजय मुंडा ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताया और उन्हें बधाई दी।

## महादेव महतो का निधन, शोक की लहर


सामाजिक कार्यकर्ता महादेव महतो।

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नगड़ी महतो टोली निवासी किसान सह सामाजिक कार्यकर्ता महादेव महतो (बिजली मिस्त्री) का आकस्मिक देहांत हो जाने से नगड़ी पंचायत में शोक की लहर छा गया। 57 वर्षीय महादेव महतो मिलनसार मृदभाषी और दूसरे के सुख-दुख में सहयोग करने वालों में से थे, वे अपने पीछे पत्नी सहित तीन पुत्र और दो पुत्री छोड़ गये हैं। इनका दाह-संस्कार नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा मुक्तिधाम में रविवार को इनके बड़े पुत्र अमित महतो ने मुखाग्नि दिया। इनके निधन पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा रमेश महतो, नगड़ी प्रखंड कुशवाहा विकास मंच, स्वर्णरेखा महोत्सव नगरी मेला संचालन समिति दुर्गा पूजा समिति रामनवमी पूजा समिति पंचमुखी भ्रमण समिति, सुभाष क्लब सहित समिति के वरीय सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

### पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने अलग-अलग श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक के नाम किया पौधरोपण, कहा

# ब्रह्मांड के सभी जीवों की सुरक्षा और मृतक की आत्मा की शांति के लिए सभी को करना होगा पौधरोपण

**मृतक की आत्मा की शांति के लिए पिंड पानी तो, पर्यावरण धर्म में धरती मां की धधकतीं आत्मा की शांति के लिए पौधा पानी देने का है विधान : कौशल किशोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



पौधा लगाते और शपथ दिलाते, पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल और पार्षद अमित।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के विभिन्न गांवों के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ कौशल ने कहा कि श्राद्ध में केवल सेजिया दान करने से नहीं बल्कि दान किये पौधे लगाने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी। डॉ कौशल ने बताया कि हुलसम पंचायत के मझौली के स्वं भोला सिंह व हुटुकदाग पंचायत के सुंगरी के स्व लखन यादव,डाली बाजार पंचायत के पर्यावरणविद् डॉ कौशल के पुरोहित जैयनाथ पाठक और वहीं के स्वं राजमति कुंवर और अपने देवतुल्य समधी स्वं नरेश जायसवाल के श्रद्धा कर्म में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पूर्व उन्होंने समधी स्वं नरेश जायसवाल के अंतिम संस्कार में भी शामिल होकर संवेदना व्यक्त की थी। पर्यावरण धर्मगुरु ट्री मैन डॉ कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलायी। मौके पर पंचायत डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, सुभाष गुप्ता और स्वर्गीय नरेश जायसवाल की धर्मपत्नी सुमन जायसवाल, पुत्र कुणाल जायसवाल और कुशल जायसवाल, बेटी रुचि जायसवाल, रचना, पूजा, दामाद कौशल, मनोज, नवीन और अरुण वहीं सुंगरी गांव के स्वं लखन यादव के पुत्र धर्मेंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, जोगेंद्र यादव, डाली के स्वं राजमती कुंवर के पुत्र रामजी सिंह, राजकुमार सिंह, शिव सिंह, डाली के स्वं जयनाथ पाठक के पुत्र दामोदर पाठक पोता ओम प्रकाश पाठक, मझौली के स्वं भोला सिंह की धर्मपत्नी मुनिया देवी, पुत्र संजय सिंह, विपिन बिहारी सिंह,सुभाष सिंह,मानदेव सिंह, छतरपुर प्रमुख उर्मिला देवी, हुलसम के मुखिया लखेश्वरी देवी, डगरा पंचायत के मुखिया विनोद सिंह, सत्येंद्र, सुचित, धर्मदेव यादव, मुंतज़िर, बाबूराम, शिवनाथ, अवधेश, विनय सिंह आदि शामिल थे।

# मानव जीवन में अध्यात्म की बेहतर भूमिका : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जीवन की तमाम उपलब्धियों के बावजूद भी द्वेष, क्रोध, पश्चाताप, एकाकीपन, असहिष्णुता और व्याकुलता की गति तीव्र होती जा रही है। इसे संतुलन करने के लिए मानव जीवन में आध्यात्मिक गुरुओं का होना अति आवश्यक है जिसे लेकर रविवार की संध्या में संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में एक आध्यात्मिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। आयोजित परिचर्चा का शुभारंभ गुरु के भजनों से प्रारंभ हुई, जहां बॉलीवुड की कई सुप्रसिद्ध फिल्मों में अपनी आवाज की जादू बिखेर चुकी वरिष्ठ गायिका मेघा श्रीराम डाल्टन ने अपनी सुरीली स्वर से कार्यक्रम को नयी रंग दी, साथ ही इस सभा को सुरमई करने में श्याम किशोर पांडे, पंकज निराला, ओंकार नाथ तिवारी, भूपेश शर्मा, गौरव राय, सतीश तिग्गा, शिव राम और अन्य लोगों का खास योगदान रहा। जिनके आवाज व वाद्य यंत्र की धुन पर बच्चे खूब झूमे। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया कि यह आध्यात्मिक शाम का आयोजन किसी विशेष जाति, धर्म या मजहब को बढ़ावा देने का उद्देश्य से नहीं किया गया क्योंकि जिस तरह हम प्यास बुझाने के लिए विभिन्न पात्रों का उपयोग में लाते हैं, वैसे ही हम परमात्मा को पाने के लिए और स्वयं की जागृति के लिए विभिन्न धर्म व ग्रंथो के मार्ग पर चलते जरूर हैं पर हम सभी का लक्ष्य तो एक ही है, और भला हो भी क्यों नहीं, क्योंकि हम सब तो एक का ही संतान है। उन्होंने कहा कि आज हम आधुनिक भारत व उन्नत प्रौद्योगिकी के दौर में जी रहे हैं जहां प्रौद्योगिकी मानव जीवन को एक नयी आयाम दे रही है, आधुनिक अध्ययन चांद तक पहुंचा रही है व पाताल के तल भी दिखा रही है लेकिन यह तमाम टेक्नोलॉजी मनुष्य अपने स्वार्थ के खातिर प्राकृतिक संसाधनों का भोगने का एकमात्र प्रबंध है और कुछ नहीं। मनुष्य की मानवता ताख पर रखी हुई है इसलिए बच्चे अनाथ आश्रम में पल रहे हैं। बेटों के हृदय का ह्रास व आत्मा मृत हो गयी हैं इस लिए मां-बाप वृद्ध आश्रम में बैठकर राहगीरों के चेहरों में बेटे की परछाई देख रहें हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास विश्वकर्मा, ललन प्रजापति और अन्य कर्मचारी सक्रिय रहे।

## हिंदू संगठनों ने किया त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन, धर्म रक्षा की शपथ ली



**विश्रामपुर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल द्वारा रविवार को त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। त्रिशूल दीक्षा के तहत विश्व हिंदू संगठनों के सदस्यों के बीच संगठन द्वारा धर्म रक्षा त्रिशूल प्रदान किया गया। साथ ही धर्म की रक्षा करने के प्रति सभी को शपथ भी दिलाई गयी। हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि एकजुट होकर हिंदू धर्म की रक्षा हेतु त्रिशूल धर्मशस्त्र धारण किया है। यह त्रिशूल हथियार नहीं, बल्कि धर्म का प्रतीक है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मुन्नू बक्सराय,मंत्री राजकुमार मेहता,पलामू जिला सुरक्षा प्रमुख विकाश गुप्ता उर्फ मोनू बाबू, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अंश सोनी, रौशन, दीपक, अभिषेक, सत्येंद्र, खुटुल, नागेंद्र, पप्पू सहित हिंदूवादी संगठन के कई सदस्य शामिल हुये।

## आग लगने से धान की फसल और पुआल सहित चार सौ बोझा जले

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरबांध स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के पास खलिहान में असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगा देने से धान की फसल और पुआल समेत हजारों रुपए मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। यह घटना बीते शनिवार रात की है। पीड़ित किसान मनोज कुमार यादव ने बताया कि खलिहान में 150 बोझा धान की फसल और करीब 250 बोझे का पुआल भी रखा हुआ था, सब जलकर राख हो गया। इस संबंध में पीड़ित किसान मनोज कुमार यादव ने प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा जाहिर की है। इधर पीपरा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार यादव द्वारा अंचलाधिकारी से दूरभाष पर बात कर जानकारी दी गयी तथा पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की है।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका के बच्चों ने किया सोननदी के तटवर्ती क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालि लक्ष्मी शिशु वाटिका स्कूल जपला के छात्र-छात्राओं ने सोननदी का तटवर्ती क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसकी जानकारी देते हुए बिद्यालय के निदेशक शाषिकेश कश्यप ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चो ने खुले जगह में घूम कर अलग अलग प्रकार के दृश्य को देखकर शैक्षिक शिक्षा और अलग सा अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के दौरान जपला सीमेंट फैक्ट्री व सोननदी के उद्गम स्थल की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुषमा, नेहा, जूही, खुशबू, भावना प्रिया, नैना माया, प्रियंका, रिशुराज, कुश, दीपक, अभिषेक समेत विद्यालय के अन्य शिक्षकों और छात्र-छात्राओ का बेहतर योगदान रहा।

# बिश्रामपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**एलोपैथ, होमियोपैथ और प्राकृतिक पद्धति से 4735 मरीजों का हुआ इलाज, दवा भी दिया गया मुफ्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित जनता उच्च विधालय के खेल मैदान में रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह के वाराणसी प्रधान कार्यालय व समूह के प्रयागराज शाखा द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जांच व उपचार के लिए शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में 25 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एलोपैथ, होमियोपैथ और प्राकृतिक पद्धति से 4735 मरीजों का जांचोपरांत मुफ्त उपचार किया। मरीजों को दवा भी निशुल्क दिया गया। शिविर में पैथलोजी सेंटर भी लगाया गया था। जिसमें जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा मरीजों को मुफ्त परामर्श भी दिया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन गुरुपद संभव राम जी ने परमपूज्य अवधूत भगवान राम जी की पूजा अर्चना के उपरांत दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद गुरूपद संभव राम ने शिविर में लगाये गये सभी स्टाल का खुद अवलोकन भी किया। इस दौरान गुरुपद संभव राम जी के दर्शन और आशीर्वाद हेतु पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश सिंह सहित कई नामचीन हस्ती भी शिविर में पहुंचे। शिविर के आयोजन में प्रमुख भूमिका बिश्रामपुर राज परिवार की बहु सह समूह के मेदिनीनगर शाखा उपाध्यक्ष रागिनी राय का रहा। शिविर की सफलता में राजपरिवार के रंजित सिंह राय उर्फ मुन्ना सरकार, समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय, ब्राइट लैंड स्कूल के प्राचार्य राहुल सिंह, चिंसू सिंह व रेड रोज के निदेशक राजन पांडेय का अहम योगदान रहा। मौके पर डॉ अरुण कुमार, प्रसनजीत बैरल, अजय बक्सराय, ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल की शिक्षक उषा सिंह, इलाहाबाद शाखा के श्रवण सिंह, अनुराग सिंह, सुधीर सिंह, रणधीर सिंह, विजय कुमार रवि, सुनील, सोनू, अजय, संजय पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# 'नो योर फ्रेंड एंड नो योर एनेमिज' पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस. मोहम्मद याकूब के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देवरी ओपी, दंगवार ओपी, महिला थाना, हुसैनाबाद के सभी पदाधिकारी, पुलिसकर्मी, चौकीदार और थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मुखिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में अपराध नियंत्रण, शांति स्थापना और जनसुरक्षा के लिए 'नो योर फ्रेंड ऐंड नो योर एनेमिज' ( अपने दोस्त और दुश्मन को जाने) विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में एसडीपीओ ने बताया गया कि समाज में ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना बेहद जरूरी है, जो न केवल समाज की बेहतरी के लिए कार्य करते हैं, बल्कि अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग भी करते हैं। चौकीदारों और पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया कि वे अपने क्षेत्रों में गश्ती और सतर्कता को कैसे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मित्र वहीं है जो समाज की भलाई में सहायक हो, और शत्रु वहीं है, जो समाज के लिए खतरा बन रहा हो। इनकी पहचान और उनके अनुसार व्यवहार करना कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कई मुखिया प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और पुलिस प्रशासन को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांवों और पंचायत स्तर पर भी अपराध नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जायेंगे। एसडीपीओ ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे सतर्क रहें, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और समाज में शांति बनाए रखने में सहयोग करें।

# सेवा के लिए उठे हाथ पूजा करने वाले हाथों से कहीं बढ़ कर : शीला श्रीवास्तव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था की टीम द्वारा किये गये सभी कार्य प्रेरणास्रोत है। क्योंकि शिक्षा, रोटी, रोजगार इन क्षेत्रों में किए गये कार्य की प्रशंसा और सहायता दोनों ही लोगों से भरपूर मिलता रहा है। हर कार्य निःस्वार्थ होता है जिसमें सेवा की भावना झलकती है। ऐसी सेवा ईश्वर की पूजा से कम नहीं होता। मेदिनीनगर के साथ साथ दूसरे शहरों और राज्यों के आदरणीय नागरिकों का सहयोग का हम आभारी हैं। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्षा शीला श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा के लिए उठे हाथ पूजा करने वाले हाथों से कहीं बढ़ कर है। रोटी देने वाले परिवारों के लिए मेरा आभार। इसमें बैजंती गुप्ता, रंजीता, वीणा, राज, ममता, शिल्पी गोस्वामी, शैलेंद्र सिंह अन्य सबों का धन्यवाद।

# मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा पर पांच दिवसीय महायज्ञ का होगा आयोजन

**मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर महायज्ञ कमिटी का हुआ गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के अनुमंडलीय मैदान परिसर स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर मां तारा शक्ति मंदिर महायज्ञ कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में संरक्षक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, मिथलेश पाठक, संयोजक सूर्या सिंह, अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल और रतन लाल, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह (मास्टर साहब), रणजीत पासवान, संजय सिंह, रामराज मेहता, विमलेश सिंह, सह सचिव अजय गुप्ता, मनु सिंह आदि चुने गये हैं। ठक में महायज्ञ की रूप रेखा तय की गयी। निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी 2025 को मां तारा शक्ति मंदिर परिसर से जल यात्रा निकला जायेगा। पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत भी 15 जनवरी से होगी, जो 19 जनवरी पूणार्हुति और भंडारा के बाद संपन्न होगा।

## स्पोर्ट्स



बुमराह 20 से कम की औसत से 200 टेस्ट विकेट लेने दुनिया के पहले बॉलर बनें। वह रएठअ देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सबसे ज्यादा 142 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गये हैं।

### ऑस्ट्रेलिया 228/9, लीड 333 रन, आखिरी जोड़ी लायन-बोलैंड नाबाद

# बुमराह को 4 विकेट, आज इंडिया को बड़ा टारगेट करना होगा चेज

एजेंसी



**मेलबर्न।** मेलबर्न में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 9 विकेट पर 228 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम की बढ़त 333 रन पहुंच गयी है।

टेस्ट के चौथे दिन रविवार को भारतीय गेंदबाजों ने 173 रन पर ऑस्ट्रेलिया के 9 विकेट गिरा दिये थे। नाथ लायन (41) और स्कॉट बोलैंड (10) ने 10वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। दोनों नाबाद हैं। इनके अलावा मार्नस लाबुशेन ने 70 रन बनाये और कप्तान पैट कमिंस ने 41 रन की पारी खेली। जसप्रीत बुमराह ने 4 और मो. सिराज ने 3 विकेट लिए। फील्डिंग में भारतीय टीम ने गलतियां कीं। यशस्वी जायसवाल ने 3 कैच छोड़े।

**5वें दिन इंडिया के सामने 2 चुनौतियां : पहली–** नाथन लायन और बोलैंड की आखिरी जोड़ी को जल्द से जल्द गिराना।

**दूसरी–** 98 ओवर का खेल होना है। जीत के लिए इंडिया को 300 प्लस का बड़ा टोटल चेज करना होगा।

इंडिया पहली पारी में 369 रन पर ऑलआउट हुई, नीतीश रेड्डी ने 114 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में मार्नस लाबुशेन ने 70 रन बनाए। कमिंस ने 41 रन की पारी खेली, लायन 41 पर नाबाद।

### बुमराह 20 की औसत से 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज



रविवार को रिकॉर्ड्स की सूची में जसप्रीत बुमराह का नाम टॉप पर रहा। बुमराह 20 से कम की औसत से 200 टेस्ट विकेट लेने दुनिया के पहले बॉलर बनें। वह SENA देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सबसे ज्यादा 142 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गये हैं। बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में अब तक 29 विकेट ले चुके हैं।

# साउथ अफ्रीका ने जीता सेंचुरियन टेस्ट, WTC फाइनल में जगह बनायी

**99 पर 8 विकेट गिराने के बाद भी हार गया पाकिस्तान**

एजेंसी



**सेंचुरियन।** साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को सेंचुरियन टेस्ट में 2 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह भी बना ली। 148 रन के टारगेट का पीछा कर रही होम टीम ने एक समय 99 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे। यहां कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

मार्करम-बावुमा के बाद बिखरी होम टीम टेस्ट के चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने 27/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ऐडन मार्करम 37 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद बावुमा ने 40 रन बनाए। टीम ने 96 रन पर 5 विकेट गंवाए, यहां उन्हें 52 रन और चाहिए थे। 4 विकेट ले चुके मोहम्मद अब्बास ने डेविड बेडिंघम और कोर्बिन बॉश को पवेलियन भेज दिया। इस बीच नसीम शाह ने काइल वेरियन को बोल्ड कर दिया। देखते ही देखते ही टीम का स्कोर 99 रन पर 8 विकेट हो गया। 100 रन के अंदर 8 विकेट गंवाने के बाद कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने साउथ अफ्रीका को संभाल लिया। रबाडा ने 30 और यानसन ने 16 रन बनाकर टीम को जीत भी दिला दी।

# बसपा और बामसेफ के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बहुजन समाज पार्टी और बामसेफ के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को एकदिवसीय विचार गोष्ठी सर्किट हाउस सभागार, धनबाद में संपन्न हुई। यह विचार गोष्ठी गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पिछले दिनों बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर किये गये आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ आयोजित किया गया था। बहुजन समाज पार्टी इस मामले लगातार आंदोलन करते रही है। जिला मुख्यालय पर पहले पुतला दहन कार्यक्रम किये थे, फिर अपने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के आदेश अनुसार राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत गत 24 दिसंबर 2024 को रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी दिए थे। मगर आज तक गृह मंत्री से अमित शाह को नहीं हटाये जाने तो दूर अभी तक इस मामले माफी भी नहीं मांगने के खिलाफ लोगों में काफी रोष व्याप्त है और इसको लेकर आगे जुझारू आंदोलन के मूड में बसपा कार्यकर्ता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के केंद्रीय राज्य प्रभारी डॉक्टर लालजी मेधांकर ने कहा कि भाजपा शुरू से ही अलोकतांत्रिक और तानाशाही रही है। ये कभी भी बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर और संविधान पर आस्था नहीं रखी है और यही कारण है कि अभी तक इस मामले अमित शाह के द्वारा माफी तक नहीं मांगा गया है। उन्होंने आनेवाले नये साल 2025 संघर्ष का वर्ष बनाने और देश के बहुसंख्यक दलित, शोषित, वंचित बहुजन समाज और लोकतंत्र और संविधान पर आस्था रखने वाले लोगों के हित में संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जोन प्रभारी सुबल दास ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सदैव ही बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर के सम्मान में आंदोलनरीत रही है। उनके सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ती रही है और झारखंड समेत देश के बहुसंख्यक बहुजन समाज के हित में आगे भी संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती ने किया। कार्यक्रम में जिला महासचिव मनोज दास, पूर्व प्रदेश सचिव गौतम कुमार, बाबूराम मांझी, सिंदरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बाबूलाल दास, धनबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अनवरी खातून, धनबाद लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहन सिंह यादव, पुनीत अंबेडकर, अशोक रजक, अजीत दास, राजीव कुमार, अशोक कनौजिया, सुभाष, राजकुमार, भोला प्रसाद, नंदलाल राम, सुदेश रविदास, संजय दास, लालमोहन राम, नसरीन परवीन, शबनम परवीन, नसीमा खातून, रामेश्वर राम, हीरालाल राम, कमलेश प्रसाद, अखिलेश कुमार, शंकर यादव, कैलाश दास, मोहित राम, मनोज कुमार, अजय रजवार, मोहित कुमार, सकीना खातून, परमेश्वर रविदास, अनिल दास समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# द्वारिका मेमोरियल में कला और विज्ञान प्रदर्शनी

**विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों की शानदार क्रियाकलापो की सभी ने की प्रशंसा**





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को द्वारिका मेमोरियल फाउण्डेशन एकेडमी, बिशुनपुर, धनबाद में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि शामिक कुमार सहायक आयुक्त, (बिक्री कर), डॉ पी के सिंह, प्राध्यापक, आईआईटी आईएसएम धनबाद, निदेशक डॉ उमेश प्रसाद सिंह, प्राचार्य मदन कुमार सिंह ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत में छोटे बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। विज्ञान से जुड़े गीत पर भी पंचम वर्ग के छात्रों ने अपने मोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों ने लर्निंग बाय डूइंग क्रिया द्वारा जीवन की समस्या को अपने वर्किंग मॉडल और प्रोजेक्ट के द्वारा दिखाया। किसानों की समस्या पर आधारित प्रोजेक्ट किसान मित्र, बोरवेल रेस्क्यू रोबोट, रेलवे स्टेशन प्रोटेक्शन सिस्टम, लाइट कम्यूनिकेशन सिस्टम, ट्रैफिक अलर्ट सिस्टम, सोलर एनर्जी सिस्टम, सेक्यूरिटी एन्ड ऑटोमेशन इलेक्ट्रिकल पोल सेफ्टी, क्रॉप प्रोटक्शन डिवाइस, कैटल रेस्क्यू फॉर्म, वाटर लेवल कन्ट्रोलर, अर्थक्वेक डिटेक्टर डिवाईस, फायर अलार्म इत्यादि कई वर्किंग मॉडल द्वारा बच्चों ने अपनी क्रिएटिविटी और इनोवेटिव आइडिया को प्रस्तुत किया। कला प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाये गये चंद्रयान 3, न्यू पॉलियामेंट हाउस, इंडिया गेट, ताजमहल, कुतुब मीनार, कोल माइंस, अयोध्या मंदिर, केदारनाथ मंदिर, प्रेम मंदिर ने सभी अभिभावकों और अतिथियों को आकर्षित किया। क्राफ्ट संकाय में बच्चों द्वारा बनाये गये बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट को अत्यधिक सराहना मिली। मुख्य अतिथि राज सिन्हा ने बच्चों के द्वारा बनाये गये प्रोजेक्ट और मॉडल की प्रशंसा की और सभी प्रतिभागियों को ऐसे उत्कृष्ट प्रोजेक्ट के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथि शामिक कुमार ने बच्चों में छिपी प्रतिभाओं और उनकी क्षमता को सराहा। डॉ पी के सिंह ने विज्ञान के हर एक प्रोजेक्ट को देखा और बच्चों को राज्य एवं देश स्तर पर अच्छा करने के लिए प्रेरित किया।

# समाजसेवी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है झरिया नागरिक संघ : अनूप साव



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया नागरिक संघ द्वारा 55वा निशुल्क नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर का आयोजन। झरिया गुजराती मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गयी सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष अशोक संघवी, सचिव परेश ठक्कर, कोषाध्यक्ष भगवान दास केसरी, संगठन मंत्री राजू वर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, चिकित्सक डॉक्टर सूर्यकांत और पूर्व पार्षद अनूप साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने कहा की सेवा का मिसाल है झरिया नागरिक संघ और शायद इसी संस्था से प्रेरित होकर कई समाजसेवी संस्था का निर्माण हुआ, और लोग परोपकार के क्षेत्र में अपनी अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए अग्रसर हुए यह अपने आप में एक मिसाल है जिसकी सराहना सभी अतिथिगण ने किया। कार्यक्रम में आत्म स्वाभिमान संस्थान ने अपना योगदान दिया, इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में मुख्य रूप से राजेश साव, संतोष गुप्ता, राजेश अग्रवाल, श्याम कुमार साव, महेश प्रसाद गुप्ता, राम श्रेष्ठ झा, रविंद्र कुमार राम, आनंद केसरी, विशाल वर्मा, रविंद्र राम, आर्यन सैनी, जूही कुमारी, जितेंद्र शर्मा, पिंटू बर्मन, नागेंद्र बरनवाल, सोमेंन दत्ता, अर्जुन निषाद, जगन्नाथ मोदक, अरुण साहू, त्रिलोकी प्रमाणिक देवी, अरविंद बनर्जी, डिंपल भाई, बिट्टू अग्रवाल सक्रिय थे। रघुनाथ खरकिया मेमोरियल हॉस्पिटल के ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉक्टर पीयूष राय निलंजन चंद्र, राकेश हेंब्रम, बबीता कुमारी, आजाद खान, पायल कुमारी ने अपना योगदान दिया। जिसमें कुल 470 मरीजों की जांच की गयी जांच उपरांत मरीज को निशुल्क दवा दी गयी, और चयनित टोटल 104 मरीज का मोतियाबिंद पाया गया जिसका रघुनाथ खरकिया मेमोरियल हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जायेगा।

# जोड़ाफाटक में गरीबों के बीच कंबल वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** चार साहिबजादो के याद में रविवार को शरबत दा भला सेवा सोसाइटी की ओर से जोड़ाफाटक स्थित छोटा गुरुद्वारा प्रांगण में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक राज सिन्हा, पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह,समाजसेवी दिलीप सिंह उपस्थित हुए। अतिथियों के हाथों जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। शरबत दा भला सेवा सोसाइटी की ओर से करीब तीन सौ कंबल बांटा गया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि इस तरह का आयोजन न केवल जरूरतमंदों की मदद का उदाहरण है, बल्कि समाज में आपसी और सेवा की भावना को भी दशार्ता है। पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि सर्द मौसम में जरूरतमंदों के लिए यह आयोजन एक प्रेरणादायक पहल साबित हो रही है। ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा और सहयोग का संदेश प्रसारित होता है। दिलीप सिंह ने शरबत दा भला सेवा सोसाइटी की इस पहल की सरहाना करते हुए कहा कि वे सोसायटी के साथ हर समय खड़े हैं, और इस तरह के आयोजनों में बढ़चढ़कर मदद के लिये सदैव साथ खड़े रहेंगे। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण करना इनका प्रयास काबिले तारीफ है।

# सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मो सिद्दीक शेख के निधन से शोक की लहर





आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक शेख का निधन रविवार को रिम्स अस्पताल रांची में हो गया। 55 वर्षीय सिद्दीक शेख की तबियत पिछले कुछ दिनों से खराब थी। जिसके बाद उन्हें बीते मंगलवार को बीजीएच अस्पताल, फिर मेडिका रांची और शुक्रवार को रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार उनका निधन हो गया। सिद्दीक शेख एक प्रसिद्ध क्रांतिकारी पारा शिक्षकों के नेता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण कार्य किये और विशेष रूप से झारखंड में साक्षरता अभियान को लेकर अपनी अहम भूमिका निभायी। सिद्दीक शेख का गाना लहु का रंग एक हैं, अमीर क्या गरीब क्या बने हो, एक ख्वाब से दूर क्या करीब क्या₹ आज भी लोगों की जुबां पर है। इस गाने के जरिए उन्होंने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया और साक्षरता अभियान को लेकर जन जागरूकता फैलायी। वर्ष 1994 से सिद्दीक शेख साक्षरता अभियान से जुड़े थे और उन्होंने अपनी कला जत्था टीम के साथ जिले भर में अनपढ़ों को साक्षर बनाने के लिए कई प्रयास किये। वर्ष 2002 में वह अभियान विद्यालय सह नया प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला कांड्रा, प्रखंड बाघमारा में शिक्षा मित्र सह सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। सिद्दीक शेख की कोशिशों से पारा शिक्षकों को झारखंड प्रदेश में पहचान मिली और उन्होंने इस समुदाय के लिए कई संघर्ष किये। उनका निधन झारखंड के सहायक अध्यापकों के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने अपने पीछे माता-पिता, पत्नी, तीन पुत्री और दो पुत्र को छोड़कर असमय ही दुनिया को अलविदा ले लिया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को उनके पैतृक गांव कांड्रा के कब्रिस्तान में जोहर के बाद किया जायेगा। इस दुखद घटना से सिद्दीक शेख के चाहने वाले और सहायक अध्यापक गहरे शोक में हैं और उनकी याद में शोक व्यक्त कर रहे हैं।

# दादीजी के दो दिवसीय महोत्सव पर सुमधुर भजनों का आयोजन हुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। मंगल भवन अमंगल हारी, नारायणी थारो नाम सुखारी। धोये-धोये आंगने में आओ म्हारी दादी जी। जैसे सुमधुर भजनों के बीच धनसार स्थित होटल सिद्धिविनायक में मंगल पाठ और ज्योत का आयोजन हुआ। मौका था श्री नारायणी परिवार झरिया धनबाद द्वारा राणी सती दादी जी के दो दिवसीय महोत्सव का। मंगल पाठ में 601 सुहागन महिलाएं शामिल हुई। राणी दादी के जन्म से लेकर सती होने तक की गाथा का बखान मंगल पाठ में किया गया। गणेश वंदना से पाठ की शुरूआत हुई। पाठ का वाचन कोलकाता से आये कथावाचक देविका बाजोरिया और श्वेता सरावगी मंगल पाठ एंड पार्टी ने किया। चुनरी और मेहंदी उत्सव भी मनाया गया। राणी सती दादी मां का भव्य श्रृंगार किया गया है। पूजन पंडित पवन चौबे ने कराया। मेवा और फल का भोग लगा। महोत्सव को लेकर कार्यक्रम सल को फूलों और विद्युत लाइट से आकर्षक तरीके से सजाया गया। रात 8. 30 बजे छप्पन भोग दादी जी को लगाया गया।

इस दौरान झरिया के कलाकार पंकज मोदी और मनीष ने एक से बढ़कर भजन प्रस्तुत किया। गायकों ने घर में डंका बाजे मां राणी सती की दे दे थोड़ा प्यार दादी जी, दादी खोल दे दरवाजे है झुंझुनु आवनगा आदि भजनों से भक्तों को बांधे रखा। राणी सती दादी जी किया गया श्रृंगार आरती के पश्चात महोत्सव का समापन किया गया। इससे पूर्व रविवार की सुबह श्रृंगार, चरण पादुका पूजा आरती ओर बूंदिया भोग लगाया गया। दादी जी की महाआरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल अग्रवाल, प्रवीण भिवानीवाला, प्रदीप तुलस्यान, राजेंद्र गोयल, आनंद बुसानिया, सुशील भिवानीवाला के अलावा नारायणी परिवार के सदस्यों का योगदान रहा।

# डीएसओ ने चंद्रपुरा के जविप्र दुकान का किया औचक निरिक्षण

## खाद्यान्न कालाबाजारी का मामला उजागर

**बीडीओ/सीओ चंद्रपुरा निरीक्षण टीम में रहें उपस्थित।**

**बार- बार कार्डधारियों से प्राप्त हो रही शिकायत पर की गयी कार्रवाई।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बार-बार राशन कार्डधारियों से प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए को डीएसओ शालिनी खालखो ने चंद्रपुरा प्रखंड के घटियारी पंचायत के पिपराडीह स्थित जविप्र लाइसेंस संख्या 39/84 का औचक निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ और सीओ चंद्रपुरा समेत प्रखंड प्रमुख उपस्थित थे। निरीक्षण क्रम में जविप्र डीलर मो शमीम अहमद द्वारा आवंटन माह का मात्र 302 राशनकार्ड धारियों को ही खाद्यान्न वितरण किया गया था। जबकि, 188 कार्डधारियों का खाद्यान वितरण नहीं किया गया था। बावजूद जविप्र दुकान में मात्र 75 किलो चावल और 65 किलो गेंहू ही उपलब्ध था। खाद्यान्न कहां है, इसका जवाब जविप्र डीलर के पुत्र देने में असमर्थ थे। उन्होंने बताया कि दुकान के अलावा अन्यत्र कहीं खाद्यान्न नहीं है। जबकि, तीन घंटे तक चले कार्रवाई में एक बार भी डीलर मो शमीम अहमद दुकान पर उपस्थित नहीं हुएं।

# बेरमो प्रखंड में मनाया गया कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस

**पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दिया श्रद्धांजलि**



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा पांच नंबर धौड़ा ढ़ोरी स्थित राकोमयू कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने मनमोहन सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण कर, पुष्प चढ़ा कर, दीप प्रज्जवलित तथा दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने किया। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल रीजनल कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बृजबिहारी पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत वर्ष की रक्षा करते हुए देश की सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। देश की स्वतंत्रता को कांग्रेस पार्टी ने सिंचा था, इसपर पुनः कुठाराघात हो रहा है। आज स्थापना दिवस पर हमसभी कांग्रेसी यह संकल्प ले कि देश की रक्षा के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे। कहा कि आज हम शपथ लेते हैं कि मजदूरों व किसानों को अगर कोई किसी प्रकार का कष्ट देगा तो हमसभी कांग्रेसी मिलकर उनकी रक्षा करेंगे और देश को पुनः उस स्थान पर पहुंचायेंगे जहां सभी जतना खुशी चैन से रह सके। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा देश के अच्छे प्रधानमंत्री के रूप में याद किया जायेगा। कांग्रेस पार्टी ने देश के सभी वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर देश सशक्त और मजबूत राष्ट्र बनाने का काम किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शुभ व्यक्त करते हुए कहा कि वे बेहद शांत मृदभाषी थें। इनके आर्थिक सुधार के कारण भारत कई ऊंचाइयों को छुआ। संचार जगत, शिक्षा निति, आर्थिक, स्वास्थ्य निति, मेरा आधार मेरा पहचान, गरीबों का मुफ्त राशन, शिक्षा का अधिकार और सुचना का अधिकार अधिनियम 2005 इनके कार्यकाल में हुए। मौके पर शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, जयराम सिंह, मुरारी सिंह, ललन रवानी, संतोष सिंह, कमलेश कुमार सिन्हा, महफूज आलम, रहीस आलम, परवेज अख्तर, साधु बाउरी, बिहारी चौहान, कामोद नोनिया, जितेंद्र नोनिया, जमीर खान, दिलीप सिंह, रेहाना राज आदि उपस्थित थे।

# नये साल से पूर्व आयुष फाउंडेशन के तत्वाधान में कला और शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आयुष फाउंडेशन धनबाद द्वारा नये साल 2025 आगमन के उपलक्ष्य में स्टील गेट बिग बाजार के पास न्यू टेक ग्रांड श्री में राधा अग्रवाल के आउटलेट में कला और शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग एक सौ बच्चो द्वारा पांच केटेगरी में अलग-अलग थीम पर कला और शिल्प बनाया गया, और प्रतियोगिता का जजमेंट सीनियर आर्टिस्ट प्रवीण सिंह और संस्था अध्यक्ष आर्टिस्ट गणेश शर्मा द्वारा किया गया। बच्चो के हौसला को बढ़ाने के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतिय पुरस्कार भी दिया गया, प्रतोसाहन के तौर पर सभी प्रतियोगियों को सर्टिफिकेट दिया गया। सचिव अर्पिता अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चो में कुछ नया सीखने को मिलता है और उन्हें हौसला मिलता है। समारोह में आयुष फाउंडेशन धनबाद के सक्रिय सदस्यगण उपस्थित थे और कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद केयर एंड क्योर, डी सी लांज, संतोष ऑप्टिकल्स, बाबूलाल एंबुलेंस और केशिवाय का सहयोग रहा। सभी सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपने योगदान से कार्यक्रम को उच्च स्तर पर पहुंचाया। आयुष फाउंडेशन धनबाद के इस कदम की स्थानीय समुदाय ने सराहना की और इसे बच्चो के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक आदर्श उदाहरण बताया। फाउंडेशन के सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

# कोयलांचल नागरिक मंच की आवश्यक बैठक लक्ष्मण वाटिका में हुई, समस्याओं पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया क्षेत्र के कोयलांचल नागरिक मंच की आवश्यक बैठक लक्ष्मण वाटिका में किया गया। राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में झरिया की प्रमुख समस्या प्रदूषण, विस्थापन , मोटेशन, सरकारी एजेंसियों के द्वारा अवैध टैक्स और सूली के विरोध में बैठक किया गया। राजकुमार अग्रवाल ने कहा झरिया हित की लड़ाई झरिया की जनता कोयलांचल नागरिक मंच के बैनर तले लड़ती रही है और इन सारी समस्याओं के लिए फिर से झरिया की जनता ने कमर कस लिया है। एक जुट होकर हम लड़ाई को लड़ेंगे इसके लिए हम सभी सरकारी तंत्र, बीसीसीएल सीएमडी, धनबाद उपायुक्त को कोयलांचल नागरिक मंच के प्रतिनिधि इन लोगों से मिलकर पत्राचार करेंगे और उसके बाद 4 जनवरी 2025 को पुन बैठक कर झरिया में आंदोलन का बिगुल फूंकेंगे। झरिया में रोड से हाइबा बंद हो, प्रदूषण बंद हो, अब डंप को मानक के अनुसार किया जाये मुद्दे सहित जिम्मेवार अधिकारी को ज्ञापन देने कानिर्णय लिया गया। 31 दिसंबर 2024 को वर्ष के आखिरी क्षण हम लोग पर्यावरण के नाम एक जन जागरूकता कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, चंद्र प्रकाश चोखानी, अमित साहू दीपू, सत्यनारायण भोजगढ़िया, उमा भट्टाचार्जी आर सी पासवान, देवी साव, अजीत कुमार साव,नवीन केशरी, अजय वर्मा, आलोक गोस्वामी, शैलेन्द्र सिंह,रामनाथ पाठक, लखन प्रसाद,नंद किशोर सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किट ने दो पदक जीते

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स (पुरुष और महिला) चैंपियनशिप 2024-25 के चौथे दिन (केआइआइटी) यूनिवर्सिटी ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की, 1 रजत पदक और 1 कांस्य पदक हासिल किया। डेकाथलॉन और 800 मीटर दौड़ सहित अन्य स्पधाओं में पदक जीते गए, जिसमें (किट) के एथलीटों की असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। इन उत्कृष्ट प्रदर्शनों ने चैंपियनशिप में यूनिवर्सिटी की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो एथलेटिक्स में इसकी ताकत को रेखांकित करता है। यह उत्सव उस समय नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया जब (किटी), (किस) और (किमस) के माननीय संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत ने (केआइआइटी) एथलीटों को खेल और खिलाड़ियों के प्रति उनके निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन के लिए एक विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रोफेसर सामंत का यह कदम भविष्य के चैंपियनों को प्रोत्साहित करने के लिए मान्यता, प्रेरणा और प्रतिबद्धता का प्रतीक था। प्रोफेसर अच्युत सामंत ने सभी को उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास के लिए बधाई दी और उन्हें और सभी एथलीटों को उनके आगामी कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं। स्टेडियम जश्न में झूम उठा।


डेकाथलॉन (पुरुष): रजत पदक योगेश ने जीता, 800 मीटर दौड़ (महिला): कांस्य पदक के.एम. चंदा ने जीता।

# जयराम महतो की अमर्यादित भाषा की निंदा की गयी, खेद व्यक्त करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन की बोकारो शाखा की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्वा. पुलिस क्लब सेक्टर-4 बोकारो में हुई। इसमें शाखा पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा काफी संख्या में जिलाके पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में डुमरी विधायक जयराम महतो की अमर्यादित भाषा की निंदा की गयी।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डुमरी विधायक जयराम महतो सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करें, नहीं तो संगठन केंद्रीय नेतृत्व और वरीय पदाधिकारियों को अवत कराते हुए आगे की रणनीति तय करेगा।

बता दें कि 26 दिसंबर को चंद्रपुरा थाना अंतर्गत ढोरी एरिया सेंट्रल कॉलोनी मकोली में विधायक चयराम महतो ने सीसीएल क्वाटर परअवैध कब्जा को खाली करने के दौरान पुलिस पदाधिकारियों से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था।

# जीडी गोयंका स्कूल नामकुम में प्रतियोगिता का आयोजन

**सब जूनियर के विजेता बोकारो जिला संघ और उपविजेता धनबाद जिला संघ बना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड जूडो संघ की राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता रविवार को जीडी गोयंका स्कूल नामकुम में संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष केए त्रिपाठी, झारखंड जुडो संघ के सचिव परीक्षित तिवारी, कांके विधायक सुरेश बैठा, एसपी अविनाश कुमार, नामकुम सीओ कमल किशोर, जीडी गोयंका विद्यालय के चेयरमैन मदन सिंह, जीडी गोयंका के वाइस प्रेसिडेंट अमन कुमार सिंह आदि ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और अपना कीमती समय निकाल कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उनका उत्साहवर्दन किया। यह प्रतियोगिता दो दिन चली और इसमें लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया और पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए दिल्ली में होने वाले सीनियर नेशनल और महाराष्ट्र पुणे में होने वाले सब जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेंगे और राज्य का मान बढ़ायेंगे। यह प्रतियोगिता की रांची जूडो संघ ने आयोजित की। प्रतियोगिता को जिला संघ के सचिवअंशुमन राय, टेक्निकल इंद्र कुमार, ट्रेजर अभिषेक सिंह, निधि कुमारी रिचाजिंग आदि ने सफल बनाया। इस प्रतियोगिता के टूर्नामेंट डायरेक्टर प्रिंस मिश्रा, टूर्नामेंट के ज्यूरी पप्पू सिंह, रेफरी उज्जवल सिंह सुमित वर्मा, राजीव सिंह, विजेता सिंह, दीक्षा कुमारी में सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर के विजेता बोकारो जिला संघ और उपविजेता धनबाद जिला संघ बना।

# खोरधा जिले में कार दुर्घटना में 11 से अधिक घायल, छह की हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता




**टांगी।** ओड़िशा के खोरधा जिले में रविवार तड़के एक कार के अनियंत्रित होकर खड्डों से टकराने से 11 लोग घायल हो गये। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 पर नचुनी के पास कौड़ी खानी छक्का के पास हुई। रिपोर्ट के अनुसार, नाचुनी के पास तीर्थयात्रियों का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह दुर्घटना उस समय हुई जब कुछ लोग कार में अयोध्या से बानापुर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि कार का नियंत्रण खो गया और वह एक गड्ढे में जा गिरी। इस कारण कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी लोगों की हालत गंभीर हो गयी। सूचना मिलने के बाद नचुनी पुलिस स्टेशन और फायर ब्रिगेड के पुलिसकर्मियों ने घायलों को बचाया और उन्हें टांगी तथा बालूगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया। छह लोगों की हालत बिगड़ने पर उन्हें भुवनेश्वर रेफर कर दिया गया है। गंभीर रूप से घायल लोग बानापुर, बिसार पटना और पलटन पाडिया इलाके के हैं।

## लक्ष्मीसागर चौक पर लोगों द्वारा सड़क जाम करने से रसूलगढ़ से कल्पना चौक तक सड़क जाम हो गयी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी सागर चौक के दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं, क्योंकि स्थानीय लोगों के एक समूह ने इस व्यस्त चौक पर सड़क को अवरुद्ध कर दिया है। कथित तौर पर यह अवरोध क्रिकेट मैच के कारण है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को सड़क अवरोध हटाने के लिए मनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। रिपोर्टों के अनुसार, रसूलगढ़ और कल्पना चौक के बीच सड़क पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं क्योंकि कुछ स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और इस प्रकार उन्होंने ओड़िशा की राजधानी के व्यस्त क्षेत्र लक्ष्मी सागर चौक पर सड़क को अवरुद्ध कर दिया है। बताया जा रहा है कि सड़क जाम क्रिकेट मैच के लिए किया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम करने वालों को समझाने की कोशिश की। हालांकि, खबर लिखे जाने तक सड़क जाम नहीं हटाया गया था। पुलिस मौके पर है और स्थिति को संभालने की कोशिश कर रही है।




# पुरी: एसजेटीए ने 31 दिसंबर और नये साल के दिन के लिए व्यापक व्यवस्था की

## श्रीमंदिर के तीन द्वारों से भक्तों का प्रवेश प्रतिबंधित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने 31 दिसंबर और नए साल के दिन (1 जनवरी, 2025) तीर्थ नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की है। साथ ही, इन दो दिनों में पुरी श्रीमंदिर के तीन द्वारों से श्रद्धालुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। एसजेटीए के अनुसार, भक्तों को पुरी जगन्नाथ मंदिर में केवल सिंहद्वार (मंदिर के मुख्य द्वार) से प्रवेश करने की अनुमति होगी, और उन्हें अन्य सभी तीन द्वारों, अर्थात पश्चिमद्वार, उत्तरद्वार और दक्षिणद्वार से बाहर निकलने की अनुमति होगी। डीआइजी सेंट्रल रेंज चरण सिंह मीना और पुरी एसपी विनीत अग्रवाल ने आज 31 दिसंबर और नये साल 2025 के दिन सुरक्षित, शांतिपूर्ण और परेशानी मुक्त यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व पुलिस ग्राउंड में एक सामान्य ब्रीफिंग आयोजित की।

बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से मार्केट छक्का से लेकर 12वीं शताब्दी के मंदिर तक बैरिकेड लगाये जायेंगे। बैठक में मंदिर के अंदर और बाहर तथा समुद्र तट पर भीड़ प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा, आगंतुकों के लिए समुद्र में सहज और शांतिपूर्ण स्नान के लिए कदम उठाये गये हैं। जगन्नाथ मंदिर में कानून-व्यवस्था बनाये रखने, भीड़ प्रबंधन और भक्तों के लिए बिना किसी परेशानी के दर्शन कराने के लिए बैठक में दो सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी), 10 अतिरिक्त एएसपी, 40 डीएसपी, 70 इंस्पेक्टर, 220 एएसआई और एएसआइ स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ 60 प्लाटून पुलिस बल तैनात करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, आगंतुकों की सुरक्षा के लिए समुद्र तट पर बड़ी संख्या में लाइफगार्ड और अग्निशमन कर्मी तैनात रहेंगे। इसी तरह, जिले के विभिन्न मंदिरों, धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर पुलिसकर्मियों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी तैनात किया गया है।

## श्रीमंदिर में सिंहद्वार के 'गुमूत' पर चांदी चढ़ाने का काम शुरू

**पुरी(आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर, श्रीमंदिर में सिंहद्वार के 'गुमूत' पर चांदी चढ़ाने का काम रविवार को शुरू हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, मंदिर के सिंहद्वार के 'गुमूता' पर चांदी की परत चढ़ाई जा रही है। चांदी की मरम्मत का काम बेहतरीन शिल्पकला के साथ आकर्षक लग रहा है। सिंहद्वार का द्वार ही नहीं, बल्कि रत्न भंडार की रखवाली करने वाले भंडार लोकनाथ मंदिर के द्वार पर भी चांदी की परत चढ़ाई जायेगी। 'प्रभा' और 'खिलाना' पर भी चांदी की परत चढ़ाई जायेगी। यहां चांदी की परत छह फीट ऊंची और साढ़े तीन फीट चौड़ी होगी। मंदिर प्रशासन ने इस संबंध में कदम उठा लिए हैं। अगले दो महीने में काम शुरू होने की उम्मीद है। इसी तरह, मंदिर प्रशासन मदन मोहन, श्रीदेवी, भूदेवी, दोलगोविंद आदि सात प्रभास मूर्तियों पर भी चांदी की परत चढ़ाने की तैयारी कर रहा है। पतितपावन मंदिर, खिलाना, महाप्रभु के अनासर खाता (बिस्तर) को भी चांदी से मढ़ने का काम शुरू हो गया है और इसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है।







# केंद्रपाड़ा जिले में 10 किलो वजनी और 2 मीटर लंबे पंख वाले विशाल और दुर्लभ पक्षी को बचाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**केंद्रपाड़ा।** ओड़िशा के केंद्रपाड़ा जिले में रविवार को एक विशाल और दुर्लभ पक्षी को बचाया गया है। 10 किलो वजनी इस विशाल और दुर्लभ पक्षी के पंख फैलने पर लगभग दो मीटर लंबे होते हैं। इस पक्षी को जिले के मरसाघई ब्लॉक के अंगुलई गांव के एक किसान ने बचाया। रिपोर्ट के अनुसार, रंजन मलिक नामक किसान ने पहली बार इस पक्षी को तब देखा जब वह धान की फसल काटने के लिए अपने खेत में गया था। पक्षी खेत में लेटा हुआ था। पक्षी को बचाने के बाद किसान ने वन विभाग से संपर्क किया। वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पक्षी को पशु चिकित्सा के लिए मरसाघाई ले आये। पशु चिकित्सालय के डॉक्टर ने पक्षी की जांच की और उसे सलाइन और दवा देकर उसका इलाज शुरू किया। जांच करने पर पता चला कि पक्षी का वजन लगभग 10 किलोग्राम था और उसके पंखों का फैलाव लगभग दो मीटर था। लोग इस पक्षी को गिद्ध की दुर्लभ प्रजाति बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसे गरुड़ पक्षी मान रहे हैं।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**